डाक रजि.संख्या- VSI(W)-52/2013-14 ■ आर.एन.आई. संख्या- UPHIN/2013/53226

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

अखबार नहीं आंदोलन है

# भारत एकता टाइम्स

वाराणसी, रविवार, 15 नवम्बर 2026*
वर्ष-14, अंक-139 पृष्ठ -8 व मूल्यः रु. 1.00
व वितरण व्यय : रु. 1.00

वाराणसी, इलाहाबाद, गोरखपुर, लखनऊ, पटना, नयी दिल्ली, मुम्बई से प्रसारित




4 महंगाई फिर बनी डायन

www.betsamachar.com

भारत ने एशिया कप खिताब जीता 5




### सीएम योगी पूर्व सैनिकों पर मेहरबान, किए कई बड़े ऐलान

# वीरता पुरस्कार डबल

**दरियादिली**

- 50 लाख तक की संपत्ति खरीदने पर मिलेगी स्टांप में छूट

**लखनऊ/ जीएनएस न्यूज**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने पूर्व सैनिकों के लिए शनिवार को कई बड़े ऐलान किए। शनिवार को क्रान्तिधरा मेरठ में मेगा भूतपूर्व सैनिक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने यूपी के रहने वाले वीरता पुरस्कार विजेताओं को यूपी सरकार से मिलने वाली एकमुश्त और वार्षिक धनराशि को डबल करने की घोषणा की। बताया कि अभी तक परमवीर चक्र विजेता को यूपी सरकार एकमुश्त 52 लाख रुपए और 3.12 लाख रुपए की धनराशि वार्षिक दी जाती है। इसको डबल किया जा रहा है। सीएम योगी ने इसी तरह महावीर चक्र और अन्य वीरता पुरस्कार विजेताओं को भी यूपी से दी जाने वाली एकमुश्त और वार्षिक धनराशि को डबल करने का (शेष पृष्ठ 6 पर)



### शहीद के आश्रितों को घर के पास नौकरी

सीएम योगी ने शहीद के आश्रितों को उनके घर के पास नौकरी दिलाने का भी ऐलान किया। सीएम योगी ने कहा कि शहीद के आश्रितों को उसके गृह जनपद या निकटवर्ती जनपद में ही नौकरी दी जाएगी। वर्ष 2018 में शहीद के आश्रित को सरकारी नौकरी देने की व्यवस्था भी लागू की गई। बताया कि प्रदेश में 200 स्मारक, 61 स्मृति द्वार और 78 प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इसके अलावा 21 विद्यालयों, 48 सड़कों और तीन स्टेडियम का नामकरण शहीद सैनिकों के नाम पर किया गया है।

### अग्निवीरों को पुलिस और अन्य विभागों में 20 प्रतिशत आरक्षण

मुख्यमंत्री ने अग्निवीरों के लिए लागू आरक्षण व्यवस्था का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सेना में सेवा पूरी करने के बाद लौटने वाले अग्निवीरों को उत्तर प्रदेश पुलिस, कारागार विभाग, वन विभाग और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया गया है। सीएम ने कहा कि सेना के अनुशासन और प्रशिक्षण से तपकर आने वाले नौजवान उत्तर प्रदेश पुलिस और शासन की ताकत बनेंगे। उन्होंने पूर्व सैनिकों के अनुभव को भी प्रदेश के विकास में उपयोगी बताया।

### पूर्व सैनिकों के अनुभव का होगा उपयोग

मुख्यमंत्री ने पूर्व सैनिकों से प्रदेश के विकास में भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों का अनुभव सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, प्रशिक्षण और सामाजिक नेतृत्व में उपयोगी हो सकता है। पूर्व सैनिक गांवों के युवाओं को सेना और पुलिस भर्ती के लिए तैयार करें तथा उन्हें नशे से दूर रहने और अनुशासन का महत्व समझाएं। कौशल विकास, स्वरोजगार और उद्यमिता की योजनाओं से जुड़कर वे रोजगार देने वाले भी बन सकते हैं। सरकार इसमें उनका सहयोग करेगी।

# परिसीमन बिल पर केंद्र की बढ़ी उम्मीद

### लोकसभा सीटें 50% बढ़ाने के प्रस्ताव पर एनसीपी-एससी सहमत

**समर्थन की आस**

- सुप्रिया सुले बोलीं- हर राज्य में बराबर सीटें बढ़ेंगी तो समर्थन देंगे

**मुंबई/ जीएनएस न्यूज**



एनसीपी (शरद गुट) की सांसद सुप्रिया सुले ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी लोकसभा सीटों की संख्या 50% बढ़ाने के भाजपा के प्रस्ताव का समर्थन करने को तैयार है। इसके साथ ही महिला आरक्षण लागू करने की भी बात कही गई है। सुले ने बताया कि भाजपा ने परिसीमन विधेयक पर चर्चा के लिए विपक्षी नेताओं को बैठक में बुलाया था। बैठक में भाजपा ने सभी राज्यों में लोकसभा सीटें 50% बढ़ाने का प्रस्ताव रखा।

हालांकि, सुले ने स्पष्ट किया कि एनसीपी-एससी ने विधेयक का समर्थन करने का अभी औपचारिक फैसला नहीं लिया है। पार्टी को प्रस्तावित विधेयक की आधिकारिक कॉपी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि पार्टी इस प्रस्ताव पर इंडिया गठबंधन के सहयोगियों के साथ भी चर्चा करना चाहती है। अगर सभी दल सहमत होते हैं, तो एनसीपी-एससी इसका समर्थन करने के लिए तैयार है।

सुप्रिया सुले ने कहा कि उनकी पार्टी परिसीमन और महिला आरक्षण दोनों विधेयकों को पारित होते देखना चाहती है। इसके लिए व्यापक राजनीतिक सहमति बनाना जरूरी है। उन्होंने लोकसभा सीटें बढ़ाने के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि छोटे निर्वाचन क्षेत्र होने से सांसदों के लिए मतदाताओं तक पहुंचना आसान होगा। इससे प्रशासन और विकास कार्यों को भी बेहतर तरीके से किया जा सकेगा।

सुप्रिया सुले ने अपने बारामती लोकसभा क्षेत्र का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि यहां मतदाताओं की संख्या पहले करीब 10-12 लाख (शेष पृष्ठ 6 पर)

# दिलजीत के कॉन्सर्ट पर आतंकी खतरे का साया?

**खतरा**

- पंजाबी साहित्य अकादमी ने सीएम फडणवीस को लिखा पत्र, मांगी सुरक्षा

**मुंबई/ जीएनएस न्यूज**



महाराष्ट्र राज्य पंजाबी साहित्य अकादमी के कार्यकारी अध्यक्ष, बल मलकीत सिंह ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को एक पत्र लिखा। इसमें गायक दिलजीत दोसांझ के 27 नवंबर को महालक्ष्मी रेसकोर्स में होने वाले कॉन्सर्ट के लिए सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। यह मांग बीएमसी की मेयर रितु तावड़े को कथित तौर पर मिले बम की धमकी वाले ईमेल के बाद की गई है।

उन्होंने साइबर सेल से तुरंत जांच कराने, अतिरिक्त पुलिस (शेष पृष्ठ 6 पर)

## पूर्व पीएम नेहरू को केंद्रीय मंत्रियों ने नहीं दी श्रद्धांजलि

**आपत्ति**

- टीएमसी सांसद ने पूछा-क्या यही शालीनता है? क्या यही सामान्य शिष्टाचार है?'

**नई दिल्ली/ जीएनएस न्यूज**



तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने शनिवार को देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्रियों की गैरमौजूदगी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में सांसदों ने नेहरू को श्रद्धांजलि दी, लेकिन मौजूदा प्रधानमंत्री के 29 केंद्रीय कैबिनेट मंत्रियों में से एक भी मंत्री वहां मौजूद नहीं था।

ओ'ब्रायन ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट साझा कर अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने लिखा, 'हमने आज सुबह संसद के संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू को पुष्पांजलि (शेष पृष्ठ 6 पर)

### ओम बिरला, खरगे और सोनिया गांधी ने दी श्रद्धांजलि

शनिवार को पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, सांसदों, पूर्व सांसदों और अन्य गणमान्य लोगों ने नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# सीबीआई के पूर्व निदेशक ने गोधरा कांड पर फिर छेड़े तार

**बयान की बात**

- बोले-दुर्घटना नहीं, यह साजिश थी, ट्रेन में आग जानबूझकर लगाई

**नई दिल्ली/ जीएनएस न्यूज**

सीबीआई के पूर्व स्पेशल डायरेक्टर राकेश अस्थाना ने 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड को लेकर दावा किया कि साबरमती एक्सप्रेस के कोच एस-6 में आग दुर्घटना नहीं, बल्कि साजिश थी। अस्थाना ने कहा- सुप्रीम कोर्ट की बनाई एसआईटी और नानावती आयोग की रिपोर्ट में भी आग को जानबूझकर लगाना बताया था। साथ ही गुजरात पुलिस की जांच को सही पाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव उन्हें इस केस में फंसाना चाहते थे।

27 फरवरी 2002 में गोधरा रेलवे स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस के कोच एस-6 में आग लगने से 59 लोगों की मौत हुई थी। इनमें अयोध्या से लौट रहे कारसेवक भी शामिल थे। इसके बाद गुजरात में हिंसा हो गई थी। गुजरात पुलिस ने गोधरा कांड की जांच के लिए राकेश अस्थाना की अगुआई में एसआईटी गठित की थी।

सोनिया गांधी ने अपनी किताब 'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' (शेष पृष्ठ 6 पर)

# 2014 में हमने बिल्कुल अलग चुनाव देखा, विपक्ष सदमे में था

### राहुल ने इस बार चुनाव में पीएम मोदी को हराने का जताया भरोसा

**भारत समिट**

- कहा-राजनीतिक व्यवस्था में भारी मात्रा में पैसा झोंक दिया गया

**नई दिल्ली/ जीएनएस न्यूज**



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को तेलंगाना के हैदराबाद में 'भारत समिट' को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने साल 2014 के लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया। राहुल गांधी ने कहा, '2014 में हमने एक बिल्कुल अलग तरह का चुनाव देखा। ऐसा कुछ जो हमने पहले कभी नहीं देखा था। राजनीतिक व्यवस्था में (शेष पृष्ठ 6 पर)

### वोटर लिस्ट से वोट काटने का मुद्दा उठाया

एसआईआर के मुद्दे पर राहुल गांधी ने कहा, '2024 के लोकसभा चुनाव में जिन 14 करोड़ लोगों ने वोट दिया था, कुछ महीने पहले उन्हें या तो ऐसे वोटर घोषित कर दिया गया, जिनका कोई अस्तित्व ही नहीं है या फिर उन्हें वोटर मानने से इनकार कर दिया गया। अगर चुनाव आयोग ने 14 करोड़ वोटरों को अवैध और वोट देने के अयोग्य घोषित कर दिया है, तो फिर वह चुनाव वैध कैसे हो सकता है? हमारे पास महाराष्ट्र का उदाहरण है। वहां पहले लोकसभा चुनाव हुआ, जिसमें हमारा गठबंधन लड़ा और जीता। इसके तीन महीने बाद हुए चुनाव में हम पूरी तरह हार गए। जब हमने आंकड़ों की जांच शुरू की तो पता चला कि दोनों चुनावों में हमें लगभग उतने ही वोट मिले थे। तीन महीने में 70 लाख नए वोटर जुड़ गए और उन सभी 70 लाख वोटरों ने बीजेपी को वोट दिया। इसी वजह से बीजेपी चुनाव जीत गई।'

### अडाणी 600वें स्थान से दूसरे नंबर पर कैसे आ गया

राहुल गांधी ने कहा, 'आज इस देश में एक कारोबारी है, जो बीजेपी के सत्ता में आने से पहले दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में 600वें स्थान पर था। कुछ महीने पहले वह दुनिया का दूसरा सबसे अमीर व्यक्ति बन गया। आखिर वह इतना अमीर कैसे बना? राजनीति और कारोबार के गठजोड़ की वजह से। कारोबार और राजनीति के बीच, अडाणी और पीएम मोदी के बीच की दूरी पूरी तरह खत्म हो गई है। अब यह अंतर रह ही नहीं गया है। इसका नतीजा राजनीतिक फंडिंग में भी दिखाई देता है। अडाणी के कब्जे में जाने वाली संपत्तियों की मात्रा में भी यह नजर आता है। इसका नतीजा है कि एक दशक में बीजेपी की संपत्ति 11 गुना बढ़ गई।

### राहुल महिला राइडर के साथ बैठे, गिग वर्कर्स की रैली

राहुल गांधी शनिवार को हैदराबाद में गिग वर्कर्स की रैली में शामिल हुए। महिला राइडर के पीछे बैठे और उनसे बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा, 'भाजपा-एनडीए गिग वर्कर्स को बंधुआ मजदूर बनाना चाहते हैं। आपसे 24 घंटे काम कराकर अंबानी-अडानी जैसे अरबपतियों को फायदा पहुंचाना चाहते हैं। जबकि कांग्रेस आपको मजदूर नहीं, पार्टनर बनाना चाहती है।' तेलंगाना विधानसभा में गिग वर्कर्स कानून 2 जून को लागू हुआ था। इसके बाद से इन्हें कई सुविधाएं दी जा रही हैं। राजस्थान गिग वर्कर्स के लिए कानून बनाने वाला पहला राज्य है। इनके अलावा, कर्नाटक, बिहार और झारखंड में यह कानून बन चुका है।



# प्राथमिक विद्यालय तिलौरी में धूमधाम से मना बाल दिवस

## जहां बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान, वहां साकार बाल दिवस का असली मकसद

✡ शिक्षा और संस्कार के महत्व पर हुई चर्चा, अतिथियों ने बच्चों का बढ़ाया उत्साह

**भारत एकता टाइम्स/ चंदौली**

**चकिया।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती एवं बाल दिवस के अवसर पर शनिवार को पूर्वांचल पोस्ट फाउंडेशन उत्तर प्रदेश की ओर से चकिया क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय तिलौरी में संगोष्ठी एवं शिक्षण सामग्री वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्साह देखने को मिला। 80 छात्रों को वितरित किया गया कापी, पेन, जनरल नालेज की बुक, पेंसिल, रबड, कटर, बिस्कुट किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख चकिया शंभूनाथ यादव, विशिष्ट अतिथि चकिया चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव,भाजपा नेता डॉ. प्रदीप कुमार मौर्य तथा वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. गीता शुक्ला ने



सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर व मां सरस्वती व पंडित जवाहरलाल नेहरू की चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि शंभूनाथ यादव ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी शिक्षा एवं बेहतर परवरिश समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। वही नगर पंचायत चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार भी जरूरी हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. प्रदीप कुमार मौर्य ने कहा कि बाल दिवस बच्चों की प्रतिभा,अधिकारों और उनके सपनों को सम्मान देने का अवसर है। वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. गीता शुक्ला ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वक्ताओं ने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षण सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने पूर्वांचल पोस्ट फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक संस्थाओं की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में किए जाने वाले ऐसे प्रयास ग्रामीण परिवेश के के लिए काफी उपयोगी साबित होते हैं। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप गुप्ता आशु, ग्राम प्रधान चंदन गोंड, युवा नेता भाजपा दीपक चौहान, ईशान गुप्ता , जिला मंत्री अनुसूचित मोर्चा भाजपा रोहित सोनकर, क्षेत्र पंचायत सदस्य रवींद्र मौर्या के अलावा पूर्वांचल पोस्ट फाउंडेशन के प्रबंधक प्रशांत कुमार, कार्तिकेय पाण्डेय, कोषाध्यक्ष अमरदीप कुमार सहित प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूनम कुमारी, सहायक अध्यापिका पूजा मौर्य, शिक्षामित्र कनकलता मौर्य, मंगला सिंह, सुमित कुमार कुशवाहा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

**भ्रमण**

✡ मानसरोवर और दामोदरदास पोखरे पर पहुंचे अधिकारी

**भारत एकता टाइम्स/ चंदौली**

छठ महापर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शनिवार को जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग और पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल ने छठ घाटों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने अलीनगर थाना क्षेत्र के मानसरोवर पोखरा घाट और मुगलसराय थाना क्षेत्र के दामोदरदास पोखरा घाट पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को समय से पूरा कराने का निर्देश दिया। वहीं एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों को सतर्क रहने को कहा। उन्होंने बताया कि प्रमुख घाटों पर पुलिस बल के साथ नाव और गोताखोर तैनात रहेंगे। गहरे पानी वाले स्थानों पर बैरिकेडिंग की जाएगी तथा भीड़भाड़ वाले घाटों पर ड्रोन कैमरों से



निगरानी रखी जाएगी। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए एंटी रोमियो टीम और पुलिस गश्त भी सक्रिय रहेगी। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम पीडीडीयू नगर, सीओ पीडीडीयू नगर, प्रभारी निरीक्षक अलीनगर अरुण कुमार सिंह, थानाध्यक्ष मुगलसराय अर्जुन सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## छठ घाटों का एडीएम और एएसपी ने किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था पर जोर



**धानापुर, चंदौली।** छठ महापर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए शनिवार को अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक सदर विक्रम दहिया ने धानापुर और बलुआ क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने नरौली, गुरैनी, प्रहलादपुर और बलुआ घाट पर सुरक्षा, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा का जायजा लिया। इस दौरान एएसपी ने घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, नियमित गश्त और भीड़ नियंत्रण के निर्देश दिए। गहरे पानी वाले स्थानों पर बैरिकेडिंग कराने के साथ नाव और गोताखोरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि छठ पर्व के दौरान व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम आकांक्षा सिंह, सीओ कृष्ण मुरारी शर्मा, तहसीलदार अभिजीत प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक धानापुर सूर्य प्रकाश मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक बलुआ संतोष सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## छठ घाटों पर सुरक्षा और साफ-सफाई का एडीएम ने लिया जायजा

**शहाबगंज (चंदौली)।** छठ महापर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को एडीएम रतन वर्मा एवं क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान ने कस्बा स्थित कर्मनाशा नदी पुल के समीप बने छठ घाट तथा महारथपुर अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने घाटों पर साफ-सफाई, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य जरूरी सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एडीएम रतन वर्मा ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि छठ पूजा से पहले सभी तैयारियां हर हाल में पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि नदी और सरोवर में गहरे पानी को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। संवेदनशील स्थानों पर बैरिकेडिंग कराई जाए, ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा या अनहोनी का सामना न करना पड़े। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय बनाकर अपनी जिम्मेदारियों का समय से निर्वहन करने तथा घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा प्रशासन की प्राथमिकता है।

# बाल दिवस पर कहीं खेलकूद तो कहीं सजे पकवानों के स्टॉल

✡ बाल मेले में बच्चों ने मचाई धूम

**शहाबगंज (चंदौली)।** बाल दिवस के अवसर पर शनिवार को क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय शहाबगंज कम्पोजिट विद्यालय तियरा एवं प्राथमिक विद्यालय डूमरी में बाल मेले का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस दौरान बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कम्पोजिट विद्यालय तियरा में आयोजित बाल मेले में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा और बच्चों ने खूब आनंद उठाया। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय डूमरी में आयोजित बाल मेले में बच्चों ने विभिन्न स्टॉल लगाए।



इन स्टॉलों पर बच्चों ने अपने हाथों से तैयार किए गए पकवानों, फल एवं अन्य खाद्य सामग्रियों का प्रदर्शन किया। बच्चों की रचनात्मकता और उत्साह देखते ही बन रहा था। मेले में बच्चों ने स्वयं अपने स्टॉल का संचालन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर इंचार्ज प्रधानाचार्य हरिओम पाण्डेय,बिजयी प्रसाद, केशरीनन्दन जायसवाल, विकास यादव,अशोक प्रजापति, यादवेन्द्र रावत, सुनीता पाल, प्रभारानी सिंह, अजीत, समरजीत, बुल्लू राम, राजकुमार, संगीता मिश्रा एवं रीता तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पिकअप में तस्करी कर ले जाए जा रहे चार गोवंश बरामद, तीन गिरफ्तार

**कंदवा (चंदौली)।** कंदवा पुलिस ने शनिवार को ककरैत मार्ग पर वाहन चेकिंग के दौरान पिकअप से तस्करी कर बिहार ले जाए जा रहे चार गोवंशों को बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, वाहन चालक ने रोकने के इशारे पर पिकअप पुलिस टीम पर चढ़ाने का प्रयास किया और बैरियर में टक्कर मार दी। पुलिस ने घेराबंदी कर हेमचन्द्र चौधरी, राजेन्द्र सिंह यादव और गोरख सिंह को गिरफ्तार कर लिया। मौके से महिंद्रा पिकअप (वढ 64 इळ 3185) भी बरामद हुई। मामले में गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## कार की डिग्गी से 44 किलो गांजा जब्त

**भारत एकता टाइम्स/ मिर्जापुर**

अहरौरा पुलिस ने शनिवार को मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए होंडा सिटी कार की डिग्गी में छिपाकर ले जाए जा रहे 44 किलोग्राम गांजे के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गांजे को 27 पैकेटों में काले रंग की प्लास्टि अहरौरा पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली। इसके आधार पर पुलिस ने वनस्थली विद्यालय के पास ग्राम लतीफपुर क्षेत्र में घेराबंदी कर होंडा सिटी कार सवार चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। कार की तलाशी लेने पर उसकी डिग्गी में दो बोरियों के अंदर छिपाकर रखे गए 27 पैकेट मिले। इनमें कुल 44 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रमेश कुमार निषाद (29) निवासी पश्चिमी चंपारण बिहार, मोहन चौधरी (22) निवासी पश्चिमी चंपारण बिहार, पीयूष कुमार तिवारी (34)



और गोविंद पटेल (45) निवासी कुशीनगर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। गांजा तस्करी में प्रयुक्त होंडा सिटी कार को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सीज किया गया है। इस मामले में अहरौरा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई के बाद चारों आरोपियों को न्यायालय के माध्यम से जेल भेज दिया। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक धनुषधारी पांडेय, चौकी प्रभारी इमिलिया चट्टी, मुख्य आरक्षी शशिप्रताप सिंह, नरेंद्र सिंह, चंदन कुमार और आरक्षी अवधनाथ राय शामिल रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## शतरंज प्रतियोगिता में आकाश और शिवम ने मारी बाजी



सोनभद्र। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) रॉबर्ट्सगंज में जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिले के सभी ब्लॉकों से प्राथमिक एवं जूनियर वर्ग के कुल 20 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्राथमिक वर्ग में घोरावल ब्लॉक के शिवम तथा जूनियर वर्ग में करमा ब्लॉक के आकाश ने प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में प्रत्येक ब्लॉक से ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले एक-एक छात्र ने दोनों वर्गों में प्रतिभाग किया। प्राथमिक संवर्ग में कांशीराम कंपोजिट विद्यालय मल्टीस्टोरी, घोरावल के शिवम ने प्रथम, प्राथमिक विद्यालय बिल्ली, चोपन के आयुष कुशवाहा ने द्वितीय तथा प्राथमिक विद्यालय हरदीमोड़, म्योरपुर के जय सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर संवर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय बैडांड़, करमा के आकाश ने प्रथम स्थान हासिल किया। कांशीराम कंपोजिट विद्यालय मल्टीस्टोरी, घोरावल के संदीप कुमार गुप्ता द्वितीय तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय गड़िया, म्योरपुर की मुस्कान तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता का संचालन सूर्यप्रकाश ने किया, जबकि मैच रेफरी की भूमिका अनुराग तिवारी ने निभाई। इस अवसर पर एआरपी राजकुमार मौर्य, दिनेश मिश्रा, दीपक, कृष्ण कुमार, मीना, माधवी, ऋचा पटेल, गरिमा सिंह, मनीष कुमार, शशांक, संतोष, प्रितेश कुमार एवं गीता देवी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## धान खरीद में लापरवाही, केंद्र प्रभारियों को नोटिस के निर्देश

सोनभद्र। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत संचालित धान खरीद की प्रगति की समीक्षा जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। इस दौरान उन्होंने जनपद के सभी धान क्रय केंद्रों पर केंद्र प्रभारियों की ऑनलाइन उपस्थिति की स्थिति की जानकारी ली। समीक्षा में खाद्य विभाग, भारतीय खाद्य निगम एवं मंडी समिति के शत-प्रतिशत केंद्र प्रभारी उपस्थित पाए गए, जबकि पीसीएफ के कुल 34 केंद्र प्रभारियों में से 26 उपस्थित तथा 8 अनुपस्थित मिले। डीएम ने अनुपस्थित केंद्र प्रभारियों से केंद्र पर उपस्थित न होने का कारण पूछते हुए संबंधित अनुपस्थित केंद्र प्रभारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित समय पर अपने-अपने क्रय केंद्रों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें तथा किसानों से लगातार संपर्क स्थापित कर धान खरीद तत्काल प्रारंभ कराएं। जिन केंद्रों पर अभी तक खरीद शुरू नहीं हुई है, उन्हें तत्काल क्रियाशील किया जाए। जिला खाद्य विपणन अधिकारी अनूप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में अब तक 11 धान क्रय केंद्रों के माध्यम से कुल 85.64 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है तथा 4 क्रय केंद्रों पर खरीद प्रक्रिया जारी है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान खरीद व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए, जिससे किसानों को अपनी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## छठ पर्व को लेकर अलर्ट मोड में पुलिस, किया पैदल मार्च

**शहाबगंज (चंदौली)।** डाला छठ पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शनिवार को शहाबगंज पुलिस ने भारी बल के साथ कस्बे में पैदल मार्च किया। इस दौरान बाजारों एवं संवेदनशील स्थानों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस ने चेतावनी दी कि पर्व के दौरान माहौल बिगाड़ने और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उपनिरीक्षक प्रभुनाथ यादव, संतोष सिंह सहित भारी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## दंपती पर जानलेवा हमला, दो आरोपी गिरफ्तार

**सकलडीहा (चंदौली)।** क्षेत्र के नोनार गांव में पारिवारिक विवाद को लेकर शालीग्राम मौर्य और उनकी पत्नी पुष्पा पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने शनिवार को दो नामजद आरोपियों अरुण कुमार मौर्य (56) और छत्रधारी मौर्य (27) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड भी बरामद की है। दोनों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी थानाध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार निषाद के नेतृत्व में उपनिरीक्षक लक्ष्मीकान्त मिश्र, कांस्टेबल अभिषेक तिवारी और प्रश्विन दूबे की टीम ने की।

## जनगणना कर्मी आधार, पैन और ओटीपी नहीं मांगेंगे




**मिर्जापुर।** जनगणना को पारदर्शी और सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने जनपदवासियों से सही और स्पष्ट जानकारी देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जब भी प्रगणक या जनगणना अधिकारी घर पहुंचें तो उन्हें परिवार, मकान, शिक्षा, रोजगार सहित पूछी गई जिलाधिकारी ने नागरिकों को आगाह करते हुए कहा कि जनगणना के नाम पर होने वाले संभावित साइबर फजीवाड़े से सतर्क रहना बेहद जरूरी है। जनगणना कर्मियों के घर पहुंचने पर सबसे पहले उनका आधिकारिक पहचान पत्र अवश्य देखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान किसी भी कर्मचारी द्वारा नागरिकों से आधार नंबर, पैन नंबर, बैंक खाते का विवरण या ओटीपी नहीं मांगा जाएगा। यदि कोई व्यक्ति जनगणना के नाम पर इस तरह की गोपनीय जानकारी मांगता है तो उसे साझा न करें और सतर्क रहें। डीएम ने कहा कि प्रगणक और पर्यवेक्षक कड़ी मेहनत से घर-घर पहुंचकर जनगणना का कार्य करेंगे। ऐसे में नागरिक उन्हें उचित समय और पूरा सहयोग प्रदान करें, ताकि जनगणना का कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने बताया कि जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत सही जानकारी उपलब्ध कराना प्रत्येक नागरिक का कानूनी दायित्व है। जानबूझकर गलत या भ्रामक जानकारी देना अथवा जनगणना कार्य में सहयोग से इनकार करना कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। जिलाधिकारी ने सभी से जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाते हुए जनगणना में सहयोग करने और अपनी व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के प्रति सजग रहने की अपील की।

## छठ पूजा में मिर्जापुर में निर्मित पीतल सूप की मांग

**मिर्जापुर।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर बाजारों में खरीददारी तेज हो गई हैं। भगवान सूर्य नारायण और छठी मैया की आराधना के लिए श्रद्धालु पूजन सामग्री की खरीदारी में जुटे हैं। पूजा में पवित्रता और शुद्धता का विशेष महत्व होने के कारण पीतल के पारंपरिक ब कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि पर होने वाली छठ पूजा में पीतल के सूप का विशेष महत्व है। रविवार को डूबते तो सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। परंपरा के अनुसार श्रद्धालु इसी सूप में फल, ठेकुआ और अन्य पूजन सामग्री सजाकर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। बर्तन के थोक व्यापारी राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि सावन माह से ही तैयारी में लग जाते है। करीब तीन महीने पहले से ही उत्पादन और आपूर्ति की योजना तैयार करने लगते हैं। पीतल की मांग बिहार, झारखण्ड समेत विभिन्न प्रदेशों में हैं। छठ पर्व पर पीतल के सूप की बिक्री में विशेष तेजी आती है। स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ दूसरे राज्यों के व्यापारी भी यहां से सूप और अन्य पूजन सामग्री मंगवाते हैं। बिनानी महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ राजीव अग्रवाल ने बताया कि करीब 50 वर्षों से जिले में छठ पर्व मनाया जा रहा है। अब श्रद्धालुओं की संख्या काफी बढ़ गई है। पीतल के पारंपरिक बर्तनों का प्रयोग पीढ़ियों से होता आ रहा है। इसी परंपरा को आज भी लोग निभा रहे हैं। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व में व्रती कठिन नियमों का पालन करते हुए परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हैं। आस्था के इस महापर्व ने मिजार्पुर के पीतल उद्योग को भी विशेष पहचान और कारोबार का अवसर दिया है।

# सैनिक कल्याण कार्यालय का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण



**सोनभद्र।** पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में शनिवार को जनपद को बड़ी सौगात मिली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ में आयोजित पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह के दौरान सोनभद्र के नवनिर्मित जिला सैनिक कल्याण कार्यालय भवन एवं विश्राम गृह का वर्चुअल लोकार्पण किया। करीब 4 करोड़ 89 लाख 39 हजार रुपये की लागत से इस भवन का निर्माण कराया गया है। कलेक्ट्रेट सभागार में लोकार्पण समारोह का सजीव प्रसारण किया गया। यहां प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी हेमंत कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता रामकृष्ण द्विवेदी, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इनमें पूर्व सैनिक रामवर्धन, सूबेदार मानिकचंद, प्रेमनाथ कुशवाहा तथा स्वर्गीय केदारनाथ की पत्नी राजकुमारी देवी सहित अन्य लोग शामिल रहे। उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री का संबोधन सुना और लोकार्पण कार्यक्रम के साक्षी बने। उल्लेखनीय है कि सैनिक कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश के आठ जनपदों औरैया, अमेठी, गोरखपुर, चंदौली, शामली, संतकबीर नगर, अंबेडकर नगर एवं सोनभद्र में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय भवन और विश्राम गृह का निर्माण कराया गया है। इन परियोजनाओं पर कुल 27 करोड़ 45 लाख 23 हजार रुपये खर्च किए गए हैं। नवनिर्मित भवन से जनपद के पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को सैनिक कल्याण विभाग से जुड़ी सेवाओं, सुविधाओं एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सहूलियत मिलेगी।

# स्कूलों में धूमधाम से मना बाल दिवस

✡ बाल मेले में बच्चों ने सजाई विभिन्न प्रकार की दुकानें

**भारत एकता टाइम्स/ सोनभद्र**

पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर 14 नवंबर को पं. विद्याधर इंटर कॉलेज एवं परमहंस पब्लिक स्कूल कबरी में बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक सुरेश तिवारी एवं प्रधानाचार्य ओम प्रकाश चतुर्वेदी ने नेहरू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद विद्यालय परिसर में खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं बाल मेले सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बाल मेले में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कुछ विद्यार्थियों ने आकर्षक ढंग से विभिन्न प्रकार की दुकानें सजाईं, जबकि अन्य विद्यार्थियों ने ग्राहक बनकर खरीदारी की। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों को व्यावहारिक एवं




व्यावसायिक गतिविधियों का अनुभव मिला। पूरे आयोजन के दौरान छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह और प्रसन्नता देखने को मिली। इस दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यालय के संरक्षक सुरेश तिवारी ने कहा कि देश के महान राष्ट्रनायक पं. जवाहरलाल नेहरू द्वारा लिखित पुस्तक डिस्कवरी ऑफ इंडिया का अध्ययन सभी को करना चाहिए। वहीं प्रधानाचार्य ओम प्रकाश चतुर्वेदी ने कहा कि विद्यार्थियों को सैद्धांतिक शिक्षा के साथ व्यावसायिक एवं व्यवहारिक शिक्षा देना भी अत्यंत आवश्यक है। इससे बच्चे अपने कर्तव्यों और दायित्वों को समझने के साथ ही भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकेंगे। कार्यक्रम में श्रवण कुमार पाण्डेय, अनुराग त्रिपाठी, कृष्ण देव, सगीर खान, शशि पटेल, चंद्रभान देव, मनीष दूबे, पूजा सिंह, निधि सिंह, पूजा पाण्डेय, श्वेता सिंह, पूजा भारती, पायल सोनी, नेहा पाण्डेय, वैष्णवी एवं श्रेया पाण्डेय सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## मून स्टार इंग्लिश स्कूल में धूमधाम से मना बाल दिवस



**म्योरपुर, सोनभद्र।** म्योरपुर कस्बा स्थित मून स्टार इंग्लिश स्कूल में शनिवार को बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय में प्रार्थना के साथ हुआ। इसके बाद शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में शिक्षकों की ओर से मिनी मेले का आयोजन किया गया। मेले में खाने-पीने की विभिन्न दुकानें सजाई गई थीं। बच्चों ने मेले का जमकर आनंद उठाया और अपनी पसंद के खाद्य पदार्थों की खरीदारी की। पूरे विद्यालय परिसर में दिनभर उत्साह और चहल-पहल का माहौल बना रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्य रूपा मिश्रा ने बताया कि बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास को ध्यान में रखते हुए पढ़ाई के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें दौड़, बैडमिंटन, पेंटिंग एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं प्रमुख रहीं। उन्होंने बच्चों को पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन, विचारों और उनके बाल प्रेम के बारे में जानकारी दी। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उनके सर्वांगीण विकास के लिए अच्छी शिक्षा, संस्कार और उचित मार्गदर्शन जरूरी है। बाल दिवस बच्चों के अधिकारों एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति समाज को जागरूक करने का भी अवसर है। कार्यक्रम में म्योरपुर एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के सीईओ सुनील कुमार, उप प्रधानाचार्य प्रियंका सिंह, विनम्रता मिश्रा, मुरली मनोहर यादव, रोहित कुमार, सचिन, अविनाश, अभय सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# छठ पर्व पर घाटों में सुरक्षा को लेकर सतर्क रहे श्रद्धालु: जिलाधिकारी

✡ गहरे पानी में जाने और असुरक्षित घाटों पर पूजा करने से बचें, बच्चों-बुजुर्गों का रखें विशेष ध्यान

**भारत एकता टाइम्स/ सोनभद्र**

छठ महापर्व को सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ने जनपदवासियों एवं श्रद्धालुओं से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नदी घाटों, तालाबों और अन्य जलाशयों पर अर्घ्य देने के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करें तथा स्वयं सुरक्षित रहने के साथ दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि छठ पर्व के दौरान अस्ताचलगामी एवं उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाटों पर पहुंचते हैं। ऐसे में डूबने, फिसलन, भगदड़, नाव दुर्घटना, विद्युत दुर्घटना और आगजनी जैसी घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इससे बचाव के लिए श्रद्धालु केवल प्रशासन द्वारा निर्धारित सुरक्षित घाटों का ही उपयोग करें। गहरे पानी, तेज बहाव और प्रतिबंधित क्षेत्रों में जाने से बचें तथा बैरिकेडिंग एवं चेतावनी संकेतों का पालन करें। उन्होंने बच्चों, बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की। बच्चों को घाटों पर अकेला नहीं छोड़ने, भीड़भाड़ में धक्का-मुक्की से बचने तथा निर्धारित प्रवेश और निकास मार्गों का उपयोग करने को कहा। नाव से यात्रा करने वालों को अधिकृत नावों का इस्तेमाल करने और सभी यात्रियों के लिए लाइफ जैकेट पहनना सुनिश्चित करने की सलाह दी। जिलाधिकारी ने घाटों पर खुले बिजली के तारों, विद्युत पोल और अस्थायी कनेक्शन से दूर रहने तथा दीपक एवं अन्य ज्वलनशील सामग्री का सावधानीपूर्वक उपयोग करने को कहा। पटाखों और आतिशबाजी से भी परहेज करने की अपील की। साथ ही घाटों पर गंदगी न फैलाने और पूजा सामग्री निर्धारित स्थानों पर ही डालने का निर्देश दिया।

# मानकविहीन अस्पतालों पर कार्रवाई से क्यों कतरा रहा स्वास्थ्य विभाग?

## पत्रकारों के सवाल पर नोडल अधिकारी ने दिया गैर जिम्मेदाराना जवाब, मांगा लिखित शिकायत

✡ भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने नोडल अधिकारी पर लगाया गंभीर आरोप, सीएम से करेंगे शिकायत

**भारत एकता टाइम्स/ सोनभद्र**

जनपद में मानकों को दरकिनार कर संचालित किए जा रहे निजी अस्पतालों का कथित इलाज मरीजों की जिंदगी पर भारी पड़ रहा है। आएदिन निजी अस्पतालों में मरीजों की मौत के मामले सामने आने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई महज कागजी दावों तक सिमटी नजर आ रही है। हैरानी की बात यह है कि जिन अस्पतालों के मानकों और उपचार व्यवस्था की जांच कराना स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी है, उन्हीं के खिलाफ कार्रवाई के लिए विभाग के जिम्मेदार अधिकारी लिखित शिकायत का इंतजार




कर रहे हैं। मानकविहीन अस्पतालों के संचालन को लेकर जब स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डा. गुलाब शंकर यादव से सवाल किया गया तो उन्होंने जांच और कार्रवाई की जिम्मेदारी निभाने के बजाय पत्रकारों से ही लिखित शिकायत देने की मांग किया। नोडल अधिकारी का यह जवाब विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा कर रहा है। आखिर निजी अस्पतालों के पंजीकरण, भवन मानकों, चिकित्सकीय सुविधाओं और उपचार व्यवस्था की निगरानी किसकी जिम्मेदारी है। नोडल अधिकारी के इस बयान पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डा. धर्मवीर तिवारी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य विभाग के एसीएमओ और नोडल अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी के संरक्षण में तमाम निजी अस्पताल व पैथोलॉजी सेंटर संचालित हो रहे हैं। उन्होंने नोडल अधिकारी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि कुछ माह बाद सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी के कार्यकाल में मानकविहीन अस्पतालों के संचालन का कथित सिंडिकेट फल-फूल रहा है। पूर्व जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि निजी अस्पतालों में मरीजों से मनमानी वसूली और कथित गलत उपचार के मामलों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होना विभागीय मिलीभगत की आशंका पैदा करता है। उन्होंने कहा कि जनपद में निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली, मरीजों की मौत के मामलों और स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर मानकविहीन निजी अस्पतालों के संचालन, उपचार के दौरान मरीजों की मौत और स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी की कथित भूमिका की शिकायत करेंगे। उधर नोडल अधिकारी के गैरजिम्मेदाराना जवाब को लेकर सीएमओ का पक्ष जानने के लिए उनके सीयूजी नंबर पर काल किया गया, लेकिन साहब का काल आउट आफ रेंज रहा।

## बाल दिवस पर स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

# हम भारत के भाल बनेंगे वीर जवाहर लाल बनेंगे






**भारत एकता टाइम्स/ वाराणसी**

सब नेताओं से प्यारे तुम, बच्चों को सबसे प्यारे तुम। कितने ही तूफान आ गए, लेकिन कभी नहीं हारे तुम। हम भारत के भाल बनेंगे, वीर जवाहरलाल बनेंगे... की धुन पर बच्चों ने देश के पहले प्रधानमंत्री को नमन किया। शनिवार को देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में स्कूलों में मनाई गई। इस दौरान स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बाल दिवस के पावन अवसर पर स्वामी हर सेवा नन्द पब्लिक स्कूल, बनपुरवा, रमना के परिसर में बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं उनकी खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विविध खेलकूद प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा सात तक के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, उमंग एवं खेल भावना के साथ प्रतिभाग किया।कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं बच्चों के प्रिय चाचा पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण करते हुए बच्चों के प्रति उनके अगाध स्नेह तथा राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में बाल शक्ति के महत्व को रेखांकित किया गया। प्रतियोगिताओं के अंतर्गत कबड्डी, खो-खो, दौड़, लंबी कूद, बैडमिंटन सहित अनेक मनोरंजक एवं शारीरिक दक्षता से संबंधित खेलों का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों को भी उनके उत्साहपूर्ण प्रयासों के लिए प्रोत्साहित किया गया। सम्मान प्राप्त कर बच्चों के चेहरे प्रसन्नता एवं आत्मगौरव से खिल उठे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक प्रकाशध्यानानन्द ने कहा कि बाल दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि बच्चों की प्रतिभा, सृजनशीलता, आत्मविश्वास एवं अंतर्निहित क्षमताओं को पहचानने तथा उन्हें उचित दिशा प्रदान करने का संकल्प दिवस भी है। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को बच्चों के लिए आनंद, उल्लास एवं प्रेरणा से परिपूर्ण एक अविस्मरणीय अवसर बनाने में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई। स्वागत प्रधानाचार्य डॉ० अजय कुमार चौबे ने एवं धन्यवाद ज्ञापन छात्रावास अधीक्षक ले० एम०एस० यादव (रि०) ने दिया तथा संचालन नम्रता सिंह ने किया।

### बाल दिवस पर बच्चों ने लगाए खानपान के स्टॉल



**रामनगर।** बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल, डोमरी में शनिवार को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध निदेशक मुकुल पाण्डेय और प्रधानाचार्य अशोक कुमार तिवारी ने पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर किया। प्रार्थना सभा में शिक्षिका शालिनी सिंह ने विचार प्रस्तुत किया। नेहा सोनी ने प्रतिज्ञा कराई और शशि पाण्डेय ने संस्कृत श्लोक प्रस्तुत किया। रिया तिवारी ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कराई। सुनीता मिश्रा ने श्रीकृष्ण भजन सुनाया। कक्षा आठ के छात्र अर्नव और शुभम पटेल ने भाषण दिया। आशुतोष मिश्रा और पीयूष दूबे ने गीत प्रस्तुत किए। वहीं नर्सरी की शिक्षिकाओं ने लघु नाटिका प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खानपान और अन्य सामानों के स्टॉल लगाए। प्रबंध निदेशक, प्रधानाचार्य, शिक्षक, अभिभावकों ने स्टॉलों का अवलोकन कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। प्रधानाचार्य अशोक कुमार तिवारी ने सभी के प्रति आभार जताया।

### बाल दिवस पर गूंजा शिक्षा और अधिकारों का संदेश



**बाबतपुर/वाराणसी।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती (बाल दिवस) के अवसर पर शनिवार को नट समुदाय संघर्ष समिति एवं उड़ान ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में बाबतपुर के बेलवा स्थित कार्यालय परिसर में भव्य बाल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नट, मुसहर, विमुक्त, घुमंतू और अन्य वंचित व पिछड़े समुदायों के लगभग 100 बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बच्चों को बाल दिवस के ऐतिहासिक महत्व, शिक्षा की अनिवार्यता और उनके संवैधानिक बाल अधिकारों के प्रति जागरूक किया। मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष प्रेम नट, सौरभ, करन नट, राहुल नट, मीना देवी, ज्योति, रिया, नंदनी और माना देवी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता व स्थानीय सदस्य उपस्थित रहे।

### *जैपुरिया में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस*




बाबतपुर/वाराणसी। सेठ एम.आर. जैपुरिया स्कूल्स बनारस के बाबतपुर कैंपस में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर बाल दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नन्हे-मुन्ने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति रही। बच्चों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की वेशभूषा सफेद कुर्ता-पायजामा, नेहरू जैकेट और कोट पर सजे लाल गुलाब के साथ सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर बच्चों को पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन, उनके विचारों तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के बारे में बताया गया। विद्यालय के चेयरमैन दीपक कुमार बजाज ने अपने संदेश में कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्हें बेहतर शिक्षा, संस्कार और सही मार्गदर्शन देकर एक जिम्मेदार नागरिक बनाना हम सभी का दायित्व है। पैनल डिस्कशन में विद्यार्थियों ने ह्यडिजिटल युग में अपने बचपन को कैसे बचाएं, भावनाओं से कैसे जुड़े रहें और अपनी पहचान कैसे कायम रखेंह्न जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार बजाज, अधिशासी निदेशक श्याम सुंदर बजाज, निदेशक अनिल के. जाजोदिया,प्रधानाचार्या सुधा सिंह, शैक्षणिक प्रबंधक नरेंद्र पाण्डेय ने भी सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### चाचा नेहरू के जन्मदिन पर गुलजार हुए परिषदीय विद्यालय

**बाबतपुर।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती (बाल दिवस) शनिवार को बड़ागांव तथा पिंडरा विकासखंड क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में पूरे हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न खेलकूद, सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों के बीच केक, टॉफी और मिठाइयां बांटी गईं, जिससे उनके चेहरे खिल उठे। बड़ागांव क्षेत्र के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बड़ागांव, कुसुमुरा तथा पिंडरा क्षेत्र के विद्यालय रामपुर में आयोजित भव्य कार्यक्रम में एआरपी पन्नालाल बतौर अतिथि शामिल हुए। प्राथमिक विद्यालय जमापुर में बच्चों को टॉफियां वितरित की गईं। इसी क्रम में बसनी, गांककला, साधोगंज, अनेई, साईपुर, बिराव, भीटी, कनियर, कुड़ी, बलुआ, चिलबिला, कुम्भापुर, कठिराव तथा पिंडरा, फूलपुर, सिंधोरा, ओदार, मंगारी और बाबतपुर सहित क्षेत्र के समस्त प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में बाल दिवस की धूम रही।

## दो बाइकों की टक्कर में महिला की मौत, कोहराम

**हादसा**

**छठ पूजा में शामिल होने मायके जा रही थी महिला**

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**

मिर्जामुराद के कछवांरोड के बिहड़ा गांव स्थित एनएच 19 के अंडरपास क्रासिंग के सर्विस रोड पर शनिवार की सुबह दो बाइकों में टक्कर हो गई। हादसे में मीरा देवी (40) महिला की मौत होने के साथ ही बाइक चला रहा बेटा कृष्णा उपाध्याय उर्फ शिवम (18) घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। टक्कर मारने वाली बाइक को पकड़ लिया गया हैं। संतरविदास नगर (भदोही) जिले के औराई थानांतर्गत त्रिलोकपुर गांव निवासी अशोक उपाध्याय सऊदी अरब में काम करते हैं। अशोक की पत्नी मीरा देवी छठ पूजा में शामिल होने मायके आजमगढ़ के भगवानपुर जा रही थी। बेटा कृष्णा उपाध्याय अपनी मां मीरा देवी को बाइक पर बैठाकर बस पकड़वाने हेतु घर से निकल कर वाराणसी जा रहा था। बिहड़ा गांव के पास अंडरपास क्रास करते समय हाईवे की सर्विस रोड पर कछवांरोड की ओर से आए बाइक सवार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक पर बैठी मीरा सड़क पर गिर पड़ी और उसका सिर फट गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल महिला को अस्पताल भेजवाया, किंतु रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घायल बेटे का उपचार कराया गया।



### *बालू लदा ट्रक पलटा*

**वाराणसी।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के छतेरी ताल के पास शनिवार भोर में चालक को झपकी आने से एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में ट्रक चालक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची मिजार्मुराद पुलिस ने घायल चालक को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 4:30 बजे ट्रक कछवा रोड से कपसेठी की तरफ जा रहा था। छतेरी ताल के पास पुरुषोत्तमपुर स्थित एचपी पेट्रोल पंप के समीप चालक को अचानक नींद आ गई, जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक रुस्तम (निवासी पंजवार, थाना मुआव, जिला भभुआ, बिहार) को चोटें आईं। घटना की सूचना पर मिजार्मुराद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालक को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।

## जमीन के विवाद में व्यापारी से 50 लाख की रंगदारी मांगी, केस दर्ज

**दबंगई**

**सोशल मीडिया पर 'धोखेबाज' बताकर छवि धूमिल करने का भी आरोप**

**बाबतपुर(वाराणसी)/भारत एकता टाइम्स**

फूलपुर थाना क्षेत्र में जमीन खरीद-बिक्री के विवाद को लेकर एक व्यापारी से 50 लाख रुपये की मांग करने, सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित व्यापारी की तहरीर पर फूलपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ?पिंडरा बाजार निवासी पीड़ित व्यापारी विपिन कुमार चौरसिया ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने जगदीश कुमार पाठक से नियमानुसार जमीन खरीदी थी। इसमें 15 बिस्वा जमीन स्वयं के नाम, एक बिस्वा पत्नी कुसुम चौरसिया के नाम तथा एक बिस्वा अपने मित्र की पत्नी अलका गुप्ता के नाम से रजिस्ट्री कराई गई थी। रजिस्ट्री के बाद राजस्व अभिलेखों में क्रेताओं के नाम भी दर्ज (दाखिल-खारिज) हो गए। आरोप है कि इसके बाद विक्रेता के पुत्र, पुरारघुनाथपुर निवासी नवीन पाठक ने एक नवंबर को फेसबुक पर पोस्ट डालकर विपिन को '420' और 'धोखेबाज' बताते हुए दुष्प्रचार किया। पीड़ित के अनुसार, आरोपी ने व्हाट्सएप पर भी संदेश भेजकर धोखाधड़ी से जमीन हथियाने का आरोप लगाया और गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। मामला यहीं नहीं रुका; आरोप है कि 11 नवंबर को जब विपिन पिंडरा से बाबतपुर जा रहे थे, तभी बाबतपुर तिराहे से पहले नवीन पाठक ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोपी ने जमीन के मामले को लेकर 50 लाख रुपये की मांग की और रुपये देने से इनकार करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना से दहशतजदा व्यापारी ने फूलपुर थाने पहुंचकर अपनी जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक (फूलपुर) ने बताया कि पीड़ित विपिन चौरसिया की शिकायत के आधार पर आरोपी नवीन पाठक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 352 और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### विश्व मधुमेह दिवस पर मंडल चिकित्सालय में जागरूकता सेमिनार आयोजित

**वाराणसी।** विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल चिकित्सालय, वाराणसी में शनिवार को मधुमेह के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसके बचाव एवं प्रभावी प्रबंधन की जानकारी देने के उद्देश्य से जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निदेर्शानुसार तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर.जे. चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित सेमिनार में मुख्य वक्ता डॉ. अमरनाथ ने मधुमेह के कारणों, लक्षणों, बचाव एवं नियंत्रण के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार और उचित जीवनशैली को मधुमेह के प्रभावी प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर डॉ. आर.जे. चौधरी ने संतुलित एवं पौष्टिक आहार, नियमित व्यायाम और अनुशासित दिनचर्या अपनाने पर जोर देते हुए लोगों से समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की। कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कल्पना दूबे सहित अन्य चिकित्सक एवं पैरामेडिकल कर्मचारी उपस्थित रहे।

**संक्षिप्त समाचार**

### जवाहरलाल नेहरू जयंती पर कांग्रेस ने अस्पतालों में बांटे फल



**वाराणसी।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के निमार्ता भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती के अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा सेवा, संवेदना और समर्पण के भाव के साथ विभिन्न अस्पतालों में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत दक्षिणी, उत्तरी एवं कैंट विधानसभा क्षेत्र के तीन प्रमुख अस्पतालों में कांग्रेसजनों ने भर्ती मरीजों के बीच फल वितरित किए, उनकी तीमारदारी की तथा उनका हालचाल जानकर शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत श्री शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय जिला अस्पताल में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें डॉक्टर राजेश गुप्ता ने संयोजन किया। वहीं उत्तरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला अस्पताल में मरीजों के बीच फल वितरित कर उनका कुशलक्षेम जाना गया। इस कार्यक्रम में सतनाम सिंह, रामजान अली, मयंक चौबे एवं संतोष चौरसिया ने संयोजन किया। इसी क्रम में कैंट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत माता आनंदमयी अस्पताल, शिवाला में फल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसका संयोजन अरुण सोनी एवं वकील अंसारी ने किया। समस्त कार्यक्रमों की देखरेख एवं अध्यक्षता महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने की।

### पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल का मुंबई में सम्मान




**वाराणसी।** पुलिस आयुक्त एवं 1997 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी मोहित अग्रवाल को भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) मुंबई ने प्रतिष्ठित ह्यडिस्टिंग्विश्ड एलुमनी अवॉर्डह्न से सम्मानित किया है। उन्हें यह सम्मान जनसेवा, उत्कृष्ट प्रशासनिक दक्षता, पुलिस नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। मोहित अग्रवाल ने करीब तीन दशक की पुलिस सेवा के दौरान अपनी नेतृत्व क्षमता और कार्यकुशलता की विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के 15 जिलों में पुलिस प्रमुख के रूप में जिम्मेदारी निभाई है। वर्ष 2005-06 में संयुक्त राष्ट्र में सेवाएं देने के साथ 2023-24 में यूपी एटीएस प्रमुख के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में आईएसआईएस से जुड़े आतंकी मॉड्यूल का पदार्फाश किया गया। प्रयागराज में 2013 और 2019 के कुंभ मेले के सफल आयोजन में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। फरुर्खाबाद में ऑपरेशन मासूम के तहत 23 बंधक बच्चों को सकुशल मुक्त कराने के अभियान में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। इस साहसिक अभियान के लिए उन्हें राष्ट्रपति के पुलिस वीरता पदक से सम्मानित किया गया।

### बुजुर्ग की संपत्ति हड़पने में बेटे-बहू समेत 4 को जमानत




**वाराणसी।** बुजुर्ग महिला को बहला-फुसलाकर उसकी कीमती संपत्ति का कथित फर्जी दानपत्र तैयार कराने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में चार आरोपियों को अदालत से जमानत मिल गई है। मामले में एफटीसी (चौदहवां) तरुण कुमार सिंह की अदालत ने सुनवाई के बाद आरोपी पुत्र सत्यानंद उपाध्याय, बहू गीता उपाध्याय, शशांक उर्फ अनुज उपाध्याय तथा अमन उर्फ शाश्वत उपाध्याय को राहत मिली। कोर्ट ने 25-25 हजार रुपये के व्यक्तिगत बंधपत्र और समान धनराशि की दो-दो प्रतिभूतियां प्रस्तुत करने पर जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता केएन सिंह, विनोद शर्मा व शैलेंद्र कुमार राय ने पक्ष रखा। इसके साथ ही अभियोजन ने जमानत का विरोध करते हुए दलील पेश की।

### जाल्हूपुर में न्याय पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिता संपन्न



**वाराणसी।** एनपीआरसी जाल्हूपुर में आयोजित न्याय पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय फूलपुर के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अव्वल स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता नोडल शिक्षक कमलेश कुमार सिंह की देखरेख में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में न्याय पंचायत के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। दौड़, कबड्डी और अन्य खेलों में फूलपुर के बच्चों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और टीम भावना का बेहतरीन प्रदर्शन किया और अधिकांश स्पधार्ओं में बाजी मारी। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय फूलपुर के प्रधानाध्यापक रामप्रवेश, महेंद्र प्रसाद, यूपीएस जालूपुरा से विपिन कुमार मिश्रा, सहायक अध्यापक नौशाद अमन अंसारी, रामाश्रय, कमरुद्दीन, नरेंद्र कुमार मौर्य सहित अनेक शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। सभी ने विजेता बच्चों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## विकास की मुख्यधारा में अनुसूचित समाज को भागीदार बना रही सरकार

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**




अनुसूचित समाज का सशक्तिकरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के लिए केवल राजनीतिक संकल्प नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समान अवसर और समतामूलक समाज की स्थापना के प्रति प्रतिबद्धता है। सरकार ने अनुसूचित समाज को महज चुनावी राजनीति और वोट बैंक के नजरिये से देखने की पुरानी सोच को पीछे छोड़ते हुए उसे विकास की मुख्यधारा में सम्मानजनक भागीदारी दिलाने की दिशा में ठोस प्रयास किए हैं। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के सम्मान और उनके विचारों को राष्ट्रीय प्रतिष्ठा दिलाने से लेकर शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास और उद्यमिता के क्षेत्र में अवसरों का विस्तार इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह बात भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष अशोक चौरसिया ने बतौर मुख्य अतिथि शनिवार को रोहनिया स्थित पार्टी के क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित भाजपा अनुसूचित मोर्चा, काशी क्षेत्र की नवगठित कार्यसमिति की परिचयात्मक बैठक को संबोधित करते हुए कही। क्षेत्र अध्यक्ष अशोक चौरसिया ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता केवल विद्यार्थियों को शिक्षित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें रोजगार और आर्थिक गतिविधियों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना भी है। बैठक में काशी क्षेत्र अनुसूचित मोर्चा के प्रभारी भानु प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष शैलेश राम ने की। उन्होंने संगठन की भूमिका और मोर्चे की सक्रियता को मजबूत बनाने पर जोर दिया। बैठक का संचालन क्षेत्र महामंत्री सनोज भारती ने किया, जबकि अजय कुमार सोनकर ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर भाजपा काशी क्षेत्र के उपाध्यक्ष नवरतन राठी, मोर्चे के मीडिया प्रभारी अनुराग चौधरी सहित क्षेत्र एवं जिला स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### स्थापना दिवस पर लेखपालों ने पेश की मानवता की मिसाल

**बाबतपुर/वाराणसी।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ का 65वां स्थापना दिवस शनिवार को पिंडरा तहसील परिसर में पूरे हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर लेखपालों ने जनसेवा और सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संघ के संस्थापक स्वर्गीय मुरारी लाल शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। उपस्थित लेखपालों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में लेखपालों द्वारा बच्चों के बीच पौष्टिक फलों का वितरण किया गया। सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए तहसील के कई लेखपालों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान महादान है और एक लेखपाल प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ समाज सेवा में भी सदैव अग्रणी रहता है। इस दौरान संगठन की एकजुटता, आपसी सहयोग और जनहित के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में पिंडरा तहसील लेखपाल संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार, मंत्री संतोष सिंह, कपीश तिवारी, आनंद मौर्य, अजित कुमार, योगेश गुप्ता, आशीष कुमार सहित बड़ी संख्या में लेखपाल उपस्थित रहे।

## बीएचयू के वैज्ञानिकों ने बनाया अनोखा डेटाबेस

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**

किसी की त्वचा का रंग सांवला क्यों है, किसी की आंखें नीली या भूरी कैसे हैं और किसी के बालों का रंग दूसरों से अलग क्यों होता है? इन सवालों के जवाब अब वैज्ञानिकों को इधर-उधर के शोधपत्रों में नहीं तलाशने पड़ेंगे। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा शोध किया है जिससे इंसानी रंग-रूप से जुड़े आनुवंशिक रहस्यों को समझना पहले से कहीं ज्यादा आसान हो जाएगा। बीएचयू के विज्ञान संस्थान के सेंटर फॉर जेनेटिक डिसऑर्डर्स की टीम ने 'ह्यूमन पिगमेंटेशन डेटाबेस' (एचपीडीबी) तैयार किया है। इसे मानव त्वचा, बाल और आंखों के रंग से जुड़े जीन और जेनेटिक बदलावों का दुनिया का सबसे व्यापक डेटाबेस बताया जा रहा है। खास बात यह है कि यह खजाना सिर्फ बड़े वैज्ञानिकों के लिए नहीं, बल्कि दुनिया के किसी भी शोधकर्ता और डॉक्टर के लिए मुफ्त उपलब्ध है। अब तक त्वचा, बाल और आंखों के रंग से जुड़े जीन की जानकारी सैकड़ों वैज्ञानिक शोधपत्रों में बिखरी हुई थी। बीएचयू की टीम ने 663 सहकर्मी-समीक्षित शोधपत्रों को खंगालकर उनके निष्कर्षों को एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर समेट दिया है। इस डेटाबेस में 5,146 जेनेटिक वेरिएंट्स और पिगमेंटेशन से जुड़े 111 विकारों की जानकारी मौजूद है। इनमें अल्बिनिज्म और विटिलिगो जैसे विकार भी शामिल हैं। यानी जिस जीन या जेनेटिक वेरिएंट पर जानकारी चाहिए, उसे ढूंढने के लिए अब शोधकताओं को सैकड़ों रिसर्च पेपर पलटने की जरूरत नहीं होगी।

### स्काउट्स एवं गाइड्स ने संभाली यात्रियों की मदद की जिम्मेदारी

**वाराणसी।** छठ पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के मद्देनजर मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देश पर मऊ स्टेशन पर पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों ने विशेष सेवा कार्य किया। वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर एवं जिला आयुक्त अनुभव पाठक के नेतृत्व में सुभाष ग्रुप के सदस्यों ने यात्रियों को सहायता प्रदान करने के साथ भीड़ नियंत्रण में सहयोग किया। इस दौरान यात्रियों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के लिए मेडिकल बूथ भी लगाया गया, जहां डॉ. सुमित राय ने अपनी टीम के साथ चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई। मंडल वाणिज्य निरीक्षक सुरजीत सिंह राठौर ने स्काउट्स एवं गाइड्स के सेवा कार्यों की सराहना की।

### गो-तस्करी पर बड़ा प्रहार, 392 गोवंश बरामद, 112 तस्कर गिरफ्तार


**वाराणसी।** मुख्यमंत्री और डीजीपी के निर्देश पर वाराणसी जोन पुलिस ने गो-तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। एडीजी जोन नवीन अरोरा के मार्गदर्शन में 1 अगस्त से अब तक 67 मुकदमों में 392 गोवंश बरामद किए गए और 112 तस्करों को गिरफ्तार किया गया।सबसे ज्यादा 140 गोवंश गाजीपुर पुलिस ने बरामद किए, जिसमें भावरकोल में गंगा नदी में 2 नावों से बिहार ले जाए जा रहे 60 गोवंश भी शामिल हैं। सबसे ज्यादा 31 तस्कर चंदौली पुलिस ने पकड़े। तस्करी में 57 वाहन - मोपेड, पिकअप, बोलेरो, ट्रक और नाव भी जब्त हुए, जिसमें सबसे ज्यादा 22 वाहन चंदौली में पकड़े गएअभियान में 22 इनामी तस्कर भी गिरफ्तार हुए, जिसमें 50 हजार का 1, 25 हजार के 20 और 10 हजार का 1 इनामी शामिल है। सबसे ज्यादा 14 इनामी चंदौली पुलिस ने पकड़े। पुलिस पर फायरिंग कर भागने के दौरान 11 मुठभेड़ में 17 तस्कर गिरफ्तार हुए और 38 पशुओं को सुरक्षित बचाया गया।

## 70 लाख के गबन का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**सफलता**

**सिगरा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने फरीदाबाद से दबोचा**

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**



सोने-चांदी के आभूषणों और नकदी के करीब 70 लाख रुपये के गबन के मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी को वाराणसी कमिश्नरेट की सिगरा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने हरियाणा से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राज कुमार (40) पुत्र रमेश कुमार निवासी बड़ा गुरुद्वारा के पास, मेहम, जनपद रोहतक (हरियाणा) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे शनिवार, 14 नवंबर को फरीदाबाद के सेक्टर-16 स्थित गुर्जर भवन चौकी क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी राज कुमार ऐस्सप्र जेम्स एंड ज्वेलस कंपनी में एरिया बिजनेस मैनेजर के पद पर कार्यरत था। वह अपने साथियों के साथ मिलकर कंपनी से जुड़े करीब 70 लाख रुपये मूल्य के आभूषणों और नकदी का गबन कर फरार हो गया था। इस संबंध में 7 सितंबर 2026 को नीचीबाग निवासी रितेश कुमार बबूना ने थाना सिगरा में मुकदमा दर्ज कराया था। वह मेसर्स काशी मधुरम नामक आभूषण दुकान में एस्त्रा कंपनी प्राइवेट लिमिटेड की फ्रेंचाइजी के पार्टनर हैं। मामले में थाना सिगरा में मु0अ0सं0 0383/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(5) में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। सर्विलांस सेल और साइबर सेल से मिली लोकेशन व अन्य तकनीकी जानकारियों के आधार पर पुलिस टीम ने उसकी तलाश करते हुए फरीदाबाद में दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### बिहार में शराब की खेप ले जा रहे दो तस्कर गिरफ्तार

**वाराणसी।** छठ पर्व के मद्देनजर रेलवे स्टेशनों पर चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के दौरान जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम को बड़ी कामयाबी मिली है। बनारस रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर चेकिंग के दौरान टीम ने दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उनके पास से फ्रूटी पैक में रखी 485 पैकेट देशी शराब बरामद हुई। दोनों आरोपी शराब की खेप लेकर बिहार जाने की फिराक में थे। जीआरपी कैंट के प्रभारी निरीक्षक राजोल नागर के अनुसार, बनारस स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान प्लेटफॉर्म नंबर एक पर वाराणसी की ओर दो संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए। संदेह होने पर उन्हें रोककर तलाशी ली गई तो उनके पास से शराब के पैकेट बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों की पहचान अखिलेश कुमार और विवेक कुमार महतो के रूप में हुई। दोनों बिहार के छपरा और पटना जिले के निवासी हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे बनारस से शराब लेकर बिहार जाते थे और वहां ऊंचे दाम पर बेचकर मुनाफा कमाते थे। छठ पर्व के दौरान शराब की खेप बिहार ले जाने की तैयारी में थे।

### वाराणसी जंक्शन पर अभियान चलाकर पकड़े गए आवारा कुत्ते

**वाराणसी।** वाराणसी जंक्शन (उत्तर रेलवे) पर आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए शनिवार को अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य निरीक्षक के नेतृत्व में रेलवे प्रशासन ने नगर निगम की टीम के सहयोग से प्लेटफॉर्म नंबर एक और पार्सल घर के आसपास अभियान चलाकर पांच आवारा कुत्तों को पकड़ा। बाद में सभी कुत्तों को नगर निगम की टीम को सुपुर्द कर दिया गया। रेलवे परिसर में आवारा कुत्तों के घूमने से यात्रियों, विशेषकर छोटे बच्चों और महिलाओं को उनके काटने की आशंका बनी रहती थी। इसे देखते हुए रेल प्रशासन ने नगर निगम के सहयोग से कार्रवाई की। इस संबंध में नार्दर्न रेलवे मेन्स यूनियन ने भी स्टेशन निदेशक को पत्र लिखकर समस्या के समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई की मांग की थी। अभियान में रेलवे की ओर से मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक प्रशांत पंसारे, प्रदीप कुमार और प्रभात कुमार मौजूद रहे। वहीं नगर निगम की ओर से ड्राइवर राजन और कुत्तों को पकड़ने वाली टीम ने कार्रवाई में सहयोग किया।रेलवे प्रशासन के अनुसार यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस तरह के अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं।

भारत एकता टाइम्स

वाराणसी, रविवार, 15 नवम्बर 2026



# महंगाई फिर बनी डायन

कांग्रेसनीत यूपीए-2 सरकार के अंतिम चरण में पिपली लाइफ फिल्म के एक गाने 'सखी सैयां तो खूब ही कमात है, महंगाई डायन खाए जात है'। यह गाना एक बार फिर लोगों की जबान पर चढ़ने लगा है। पिछले महीने देश में खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों में उछाल से महंगाई दो साल के ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है। ताजा हालात से यह साफ है कि देश के केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति महंगाई को काबू में रखने में विफल रही है। चिंता की बात यह है कि यह महंगाई दर रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित छह फीसदी की तय अधिकतम सीमा को पार कर गई है। इसके साथ ही दिसंबर में होने वाली मौद्रिक नीति निर्धारण करने वाली कमेटी की बैठक में नीतिगत ब्याज दर में एक और बढ़ोतरी की आशंका बलवती हुई है। इससे पहले अक्तूबर में भी आरबीआई ने रेपो रेट में 25 आधार अंक का इजाफा किया था। पिछले एक साल से लगातार बढ़ रही खुदरा महंगाई का दो साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचना बताता है कि लोगों की क्रय शक्ति क्षमता में कमी आई है। जाहिर है इसका दबाव घरेलू बजट पर पड़ रहा है।



सत्येन्द्र श्रीवास्तव
स्थानीय संपादक

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की तरफ से गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, बीते माह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक यानी सीपीआई के आधार पर खुदरा महंगाई दर 6.09 प्रतिशत तक जा पहुंची है जिसके चलते अगले माह की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में रेपो रेट बढ़ने की संभावना फिर प्रबल हो गई है। आशंका है कि इससे उपभोक्ताओं के घर व वाहन आदि के लोन की मासिक किस्ते लंबे समय तक ऊंची बनी रह सकती हैं। उल्लेखनीय है कि खाद्य पदार्थों की कीमतों, जिनकी मूल्य सूचकांक निर्धारण में चालीस फीसदी की हिस्सेदारी होती है, की महंगाई बढ़ाने में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। देश में सब्जियां, दालें और किराना का अन्य सामान महंगा हो गया है। वहीं अनाज, तिलहन और चीनी की कीमतों पर भी दबाव बना हुआ है। यहां उल्लेखनीय है कि अक्तूबर माह में खाद्य महंगाई दर बढ़कर 8.94 फीसदी हो गई है। यही वजह है कि लोगों को आशंका है कि उनके लिये आने वाली सर्दियों में मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

हालांकि महंगाई आजकल, वैश्विक उथल-पुथल और आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने के कारण विश्वव्यापी समस्या हो गई है। खासकर रूस व यूक्रेन तथा खाड़ी में जारी संघर्ष के चलते पेट्रोलियम पदार्थों व उनसे बनने वाले उत्पादों की आपूर्ति बाधित हुई है। लेकिन भारत में बढ़ती महंगाई के कारणों में मौसम की संवेदनशीलता व मुद्रास्फीति भी शामिल है। देश में घरेलू महंगाई दर लगातार बारहवें महीने बढ़ी है। खाने-पीने की चीजों के अलावा, इसमें परिवहन से जुड़े खर्च, कपड़े,आवास और भोजन से जुड़ी सेवाओं का भी योगदान रहा है। हालांकि, खाड़ी संघर्ष में स्थितियां सामान्य होने की ओर बढ़ने के बाद तेल की कीमतों में कुछ गिरावट आई है। यद्यपि, सीधे तौर पर उपभोक्ताओं को इसका लाभ न मिला हो, लेकिन दामों में कमी अपरोक्ष रूप से कुछ राहत देने वाली जरूर है। इसके बावजूद महंगाई का दबाव बना रहेगा। हालांकि, आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि मुख्य महंगाई दर अभी अपने चरम पर नहीं पहुंची है, जो कमजोर और असमान मानसून के असर को दर्शाती है। लेकिन यह भी एक हकीकत है कि वैश्विक स्तर पर खाने-पीने की चीजों की बढ़ती कीमतों ने घरेलू बाजार पर दबाव बढ़ा ही दिया है। बेशक यह चिंताजनक स्थिति जरूर है, लेकिन कुल मिलाकर तस्वीर में कुछ उम्मीद भी नजर आ रही है। वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में जीडीपी का 7.7 रहने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसमें दो राय नहीं कि आम आदमी के लिये यह स्थिति कष्टकारी हो सकती है। एक आम उपभोक्ता के लिये बढ़ती महंगाई के मायने जरूरी चीजों पर खर्च कम करना हो सकता है। ऐसे में कीमतों को स्थिर रखने की जरूरत और भी बढ़ जाती है। कालाबाजारी करने वालों और कृत्रिम रूप से महंगाई बढ़ाने वाले तत्वों पर नकेल कसना बेहद जरूरी है। आज की बदलती स्थिति पर नजर रखने और लोगों का बोझ कम करने के लिये आपातकालीन कदम उठाने की सख्त जरूरत है। इसके साथ ही सरकार के लिये भी जरूरी है कि वह मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के लिये प्रशासनिक व मौद्रिक उपायों की दिशा में आगे बढ़े।



## अनमोल वचन

### स्वामी रामकृष्ण परमहंस

**ईश्वर दुनिया के हर कण में विद्यमान है और ईश्वर के रूप को इंसानों में आसानी से देखा जा सकता है इसलिए इंसान की सेवा करना ईश्वर की सच्ची सेवा है।**

# लाभार्थी को मिला पीएम आवास के साथ स्वनिधि योजना का लाभ




यह सफलता की कहानी नहीं, बल्कि जीवन में आए एक नए सवेरे की कहानी है, जिसने टूटे-फूटे आशियाने को पक्के घर में बेबसी को आत्मनिर्भरता में बदल दिया। कुछ समय पहले तक श्रीमती हंसा राजभर पत्नी श्री धर्मेन्द्र कुमार वार्ड नं. 06, अमिलो खास, नगर पालिका परिषद मुबारकपुर, जनपद-आजमगढ़ के पास एक बहुत ही जर्जर मकान था। कटरैन और टट्टर से बना हुआ, टूटा-फूटा मकान, जिसमें बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता था और गर्मियों में तेज धूप सीधे अंदर आती थी। उस एक छोटे से कमरे में ही उनका पूरा परिवार रहता था। श्रीमती हंसा ने बताया कि उन्हें रहने और बच्चों के पढ़ने में काफी समस्या होती थी। बच्चों के पास पढ़ने के लिए न ठीक से जगह थी, न ही रोशनी थी। बारिश में किताबें भीग जाया करती थीं। एक माँ के लिए इससे बड़ी तकलीफ और क्या हो सकती है कि वह अपने बच्चों को एक सुरक्षित छत भी न दे सके। श्रीमती हंसा ने बताया कि मेरे पति की एक छोटी सी सब्जी की दुकान है। दिन भर मेहनत करने के बाद भी उतनी आमदनी नहीं हो पाती थी कि हम अपना पक्का मकान बनवा सकें। किसी तरह परिवार का खर्च चलाना ही मुश्किल होता था। पक्का मकान बनाना तो हमारे लिए एक सपना जैसा था, जो शायद कभी पूरा नहीं हो सकता था। हम सोचते थे कि शायद पूरी जिंदगी इसी कच्चे और असुरक्षित मकान में गुजारनी पड़ेगी। श्रीमती हंसा ने बताया कि इसी बीच एक दिन मुझे मोहल्ले की आशा बहू के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि सरकार गरीब और बेघर परिवारों को पक्का मकान बनाने के लिए सहायता दे रही है। पहले तो मुझे विश्वास ही नहीं हुआ। मुझे लगा कि इतनी बड़ी योजना का लाभ हम जैसे छोटे लोगों तक कैसे पहुंचेगा। फिर भी एक उम्मीद के साथ मैं डूडा कार्यालय गई। डूडा कार्यालय में अधिकारियों ने मुझे बड़े ही सम्मान और सहयोग के साथ आवास योजना से संबंधित सारी जानकारी दी। उन्होंने मुझे बताया कि योजना के लिए कौन-कौन से कागजात लगेंगे और कैसे आवेदन करना है। मैंने अपनी सभी औपचारिकताएं पूरी कीं। कुछ ही महीनों में मेरा आवेदन स्वीकृत हो गया और मेरे खाते में आवास निर्माण के लिए सहायता राशि आनी शुरू हो गई। जब मेरे घर की नींव रखी गई तो मेरी आँखों में आँसू थे। वह आँसू खुशी के थे। धीरे-धीरे मेरा पक्का मकान बनकर तैयार हो गया। आज मेरे पास अपना पक्का घर है, जिसमें दो कमरे, एक रसोई और एक पक्का शौचालय है। अब मेरे बच्चे सुरक्षित और अच्छे माहौल में पढ़ते हैं। बारिश में हमें डर नहीं लगता। मेरा पक्का घर और शौचालय बन जाने से हम सभी, खासकर मैं और मेरी बेटी, काफी सुरक्षित महसूस करते हैं। यह केवल ईंट और सीमेंट का मकान नहीं, यह मेरे आत्मसम्मान और सुरक्षा का प्रतीक है। आवास से व्यवसाय तक का सफर कहानी यहीं खत्म नहीं होती। हंसा ने बताया कि पक्का मकान मिलने के बाद मेरे जीवन में एक और बड़ा बदलाव आया। मेरे मन में आया कि क्यों न इसी घर में रहकर कुछ काम किया जाए। मैंने अपने आवास में ही सिलाई का कार्य शुरू कर दिया। सरकार से मिले आवास ने मुझे न केवल छत दी, बल्कि रोजगार का जरिया भी दे दिया। मैंने एक सिलाई मशीन खरीदी और मोहल्ले के कपड़े सिलने शुरू किए। आज मेरी सिलाई से परिवार की आय में वृद्धि हुई है। पहले जहां मैं पूरी तरह पति की कमाई पर निर्भर थी, वहीं आज मैं अपने पैसे से परिवार के पालन-पोषण में योगदान देती हूँ। अब हमारे बच्चे भी अच्छे स्कूल में पढ़ने जाते हैं। मैं अपने बच्चों की फीस खुद देती हूँ, इससे बड़ा गर्व एक माँ के लिए और क्या होगा। श्रीमती हंसा राजभर ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ-साथ मुझे स्वनिधि योजना का भी लाभ मिला है, जिससे मैंने अपनी सिलाई के काम को और बढ़ाया है। इस पूरे बदलाव के लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी तथा माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी का बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूँ। अगर यह योजना न होती तो शायद मैं आज भी उसी टूटे-फूटे मकान में जीवन यापन कर रही होती। सरकार के सहयोग के कारण मेरे रहन-सहन में बहुत बड़ा बदलाव आया है। मेरे जैसे लाखों गरीब परिवारों का पक्के घर का सपना सरकार ने सच कर दिखाया है। इसके लिए मेरा पूरा परिवार मुख्यमंत्री जी का सदैव आभारी रहेगा। **(महेन्द्र कुमार)**

# सामुदायिक शौचालयों से सुदृढ़ ग्रामीण स्वच्छता व्यवस्था

केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार के समन्वित प्रयासों से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण-दो के अंतर्गत जनपद अमेठी के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के बुनियादी ढांचे को स्थायी स्वरूप प्रदान किया गया है। खुले में शौच से मुक्ति की उपलब्धियों को दीर्घकालिक बनाने और गांवों को ओडीएफ प्लस की श्रेणी में स्थापित करने के उद्देश्य से जनपद की समस्त 682 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण एवं संचालन सुनिश्चित किया गया है। जनपद के विकास खंड अमेठी अंतर्गत ग्राम पंचायत ताला में सामुदायिक शौचालय के माध्यम से स्वच्छता और जनस्वास्थ्य का प्रभावी उदाहरण प्रस्तुत किया जा रहा है। इस परिसर के नियमित रखरखाव और संचालन का दायित्व निभा रहीं स्थानीय केयरटेकर सावित्री देवी ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने तथा सार्वजनिक परिसर को स्वच्छ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सामुदायिक शौचालय की स्थापना से पूर्व ग्राम पंचायत ताला में व्यक्तिगत शौचालय से वंचित परिवारों, भूमिहीन श्रमिकों और विशेष रूप से महिलाओं तथा बुजुर्गों को दैनिक निवृत्ति के लिए गम्भीर असुविधा का सामना करना पड़ता था। खुले में शौच की विवशता के कारण गांव में गंदगी फैलने तथा संक्रामक एवं जलजनित बीमारियों के प्रसार की आशंका निरंतर बनी रहती थी। ग्राम पंचायत ताला में आधुनिक सामुदायिक शौचालय के क्रियाशील होने से ग्रामीणों को गांव में ही सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक सुविधा प्राप्त हुई है। स्वच्छता अधोसंरचना के निर्माण के साथ-साथ उसका दैनिक रखरखाव ही योजना की वास्तविक सफलता तय करता है, क्योंकि स्वच्छ परिसर ही ग्रामीणों को इसके नियमित उपयोग के लिए प्रेरित करता है। प्रदेश सरकार के पंचायती राज विभाग द्वारा निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप जनपद अमेठी में निर्मित इन सामुदायिक स्वच्छता परिसरों में समाज के प्रत्येक वर्ग की सुविधा का समावेश किया गया है। प्रत्येक परिसर में महिलाओं और पुरुषों के लिए पृथक प्रवेश द्वार एवं कक्ष, स्नानघर तथा हाथ धोने की समुचित व्यवस्था की गई है। साथ ही दिव्यांगजनों की सुगम पहुंच हेतु रैंप व विशेष शौचालय तथा बच्चों के अनुकूल इकाइयां निर्मित हैं। परिसरों की निरंतर उपयोगिता बनाए रखने के लिए प्रत्येक सामुदायिक शौचालय में ओवरहेड टैंक और सबमर्सिबल पंप के माध्यम से अनवरत जलापूर्ति, विद्युत संयोजन, पर्याप्त प्रकाश और वेंटिलेशन की व्यवस्था अनिवार्य की गई है। भूजल संरक्षण और संक्रमण मुक्त परिवेश सुनिश्चित करने के लिए मानक सेप्टिक टैंक तथा सोक पिट के माध्यम से मल एवं ग्रे-वाटर के वैज्ञानिक निस्तारण की व्यवस्था की गई है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण-दो के दिशा-निर्देशों के अन्तर्गत सामुदायिक स्वच्छता परिसर के निर्माण हेतु प्रति इकाई तीन लाख रुपये की मानक धनराशि प्राविधानित की गई है। इसमें 70 प्रतिशत अंशदान स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) निधि से तथा 30 प्रतिशत अंशदान ग्राम पंचायतों को उपलब्ध 15वें वित्त आयोग की अनुदान राशि से समन्वित रूप में व्यय किया गया है। सामुदायिक शौचालयों के सुचारु संचालन को संस्थागत स्वरूप देने के लिए प्रदेश सरकार ने सामुदायिक सहभागिता का प्रभावी मॉडल लागू किया है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित महिला स्वयं सहायता समूहों को ग्राम पंचायत के माध्यम से इन परिसरों के प्रबंधन का दायित्व सौंपा गया है। इससे जनपद अमेठी की ग्रामीण महिलाओं को स्थानीय स्तर पर स्थायी आजीविका और आर्थिक स्वावलंबन का अवसर प्राप्त हुआ है। संचालन व्यवस्था को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाए रखने के लिए शासनादेश के अनुरूप प्रतिमाह नौ हजार रुपये प्रति सामुदायिक शौचालय का बजट निर्धारित है। इसमें छह हजार रुपये महिला केयरटेकर के मानदेय तथा तीन हजार रुपये सफाई सामग्री, निसंक्रामक रसायनों, विद्युत-पेयजल व्यय और लघु मरम्मत कार्यों के लिए तय हैं। ग्राम पंचायतों द्वारा ई-ग्राम स्वराज पोर्टल के माध्यम से समयबद्ध भुगतान किया जाता है। विभागीय निदेर्शों के क्रम में जनपद अमेठी के सभी सामुदायिक शौचालयों को प्रतिदिन निर्धारित अवधि तक अनिवार्य रूप से खोला जाता है, जबकि स्थानीय आवश्यकतानुसार इन्हें अतिरिक्त अवधि तक भी खुला रखा जाता है। परिसरों में दिन में दो बार अनिवार्य सफाई, केयरटेकर हेतु सुरक्षा उपकरणों के उपयोग तथा शिकायत पंजिका के संधारण की व्यवस्था लागू है। स्वच्छता व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन एवं पंचायती राज विभाग द्वारा निरंतर अनुश्रवण किया जा रहा है। जनपद में निर्मित सभी सामुदायिक शौचालयों की जियो-टैगिंग पूर्ण करते हुए स्वच्छ भारत मिशन के पोर्टल पर इनकी दैनिक क्रियाशीलता और स्वच्छता मानकों की नियमित समीक्षा की जाती है, जिससे किसी भी तकनीकी अथवा संचालन संबंधी कमी का त्वरित निस्तारण संभव हो सके। जनपद अमेठी की ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों का सुदृढ़ संचालन ओडीएफ प्लस ग्रामों के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण आधार सिद्ध हो रहा है।

**(डॉ0 सीमा गुप्ता)**

## युवा मन

## रोजगार कोना

# उत्तर रेलवे में 4651 पदों पर ट्रेड अप्रेंटिस के लिए आवेदन शुरू

उत्तर रेलवे ने ट्रेड अप्रेंटिस के 4651 पदों पर भर्ती निकाली है, जिसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 10वीं और आईटीआई पास 15 से 24 वर्ष के अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट rrcnr.org पर 11 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती में उम्मीदवारों का चयन बिना किसी परीक्षा के सीधे शैक्षिक योग्यता के आधार पर होगा। अगर आप लंबे समय से सरकारी नौकरी का सपना देख रहे हैं, तो यह लेख आपके लिए है। दरअसल, उत्तर रेलवे की तरफ से ट्रेड अप्रेंटिसशिप के 4651 पदों पर भर्ती निकाली गई है। बता दें कि, इस भर्ती के लिए आवदेन का प्रक्रिया आज यानी 11 नवंबर से शुरू हो चुकी है। ऐसे में इच्छुक व योग्य अभ्यर्थी भर्ती में शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से आधिकारिक वेबसाइट rrcnr.org पर जाकर एप्लीकेशन फॉर्म भर सकते हैं। आवदेन की लास्ट डेट 11 दिसंबर



2026 निर्धारित की गई है। शैक्षिक योग्यता एवं उम्र- इस भर्ती में भाग लेने के लिए उम्मीदवारों को मान्यता प्राप्त बोर्ड से 50% अंकों के साथ 10वीं उत्तीर्ण करने के साथ आईटीआई सर्टिफिकेट प्राप्त किया हो। फिर उम्मीदवार की आयु न्यूनतम 15 वर्ष से कम और अधिकतम आयु 24 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। ऊपरी आयु में रेलवे के नियमनुसार छूट दी जाएगी। उम्र की गणना 11 दिसंबर 2026 के अनुसार होगी। ऐसे करें आवेदन- सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट rrcnr.org पर विजिट करें। अब इसके के होम पेज पर आपको भर्ती से संबंधित आवेदन लिंक पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपको पहले ऑनलाइन एप्लीकेशन लिंक पर क्लिक करना है। अब आप मांगी गई सभी डिटेल्स के भरकर आवेदन प्रक्रिया को पूर्ण करें। आखिर में निर्धारित एप्लीकेशन फीस जमा करें और फॉर्म का प्रिंटआउट निकालकर सेफ रख लें। वहीं, आपको इस भर्ती फॉर्म भरने के लिए जनरल, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों को 100 रुपये देने होंगे। एससी, एसटी, पीडब्ल्यूडी और महिला उम्मीदवार इस भर्ती में शामिल होने के लिए निशुल्क आवेदन कर सकते हैं। बिना परीक्षा के होगा चयन-जो लोग इस भर्ती में शामिल होना चाहते हैं, उनको शैक्षिक योग्यता के आधार पर चयन किया जाएगा। किसी भी प्रकार की परीक्षा या वायवा नहीं होगा।

# पहले प्यार
## फिर तकरार और आखिर में...

हर रिश्ता शुरूआती आकर्षण, कमियों की पहचान, कमिटमेंट, मतभेद, स्थिरता, भावनात्मक जुड़ाव और कठिन चुनौतियों जैसे सात पड़ावों से गुजरता है। रिश्ते को सफल बनाए रखने के लिए दोनों पार्टनर्स में आपसी समझदारी, बराबरी और भरोसा होना जरूरी है। मुश्किल दौर में खुला संवाद और एक-दूसरे का साथ ही रिश्ते को लंबे समय तक मजबूत रखता है। हर रिश्ता समय के साथ बदलता है। शुरूआत में जहां पार्टनर के लिए खूब आकर्षण और उत्साह होता है, वहीं कुछ समय बाद एक-दूसरे की आदतों और कमियों का पता चलने लगता है। इसके बाद रिश्ते में कई तरह की चुनौतियां भी आती हैं। रिश्ते को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए दोनों पार्टनर को समझदारी और मेहनत की जरूरत होती है। कई बार कपल को समझ नहीं आता कि उनके रिश्ते में अचानक परेशानी क्यों बढ़ रही है। इसकी एक वजह रिश्ते का बदलता दौर भी हो सकता है। आइए जानते हैं रिश्ते के उन 7 पड़ावों के बारे में, जिनसे कई कपल गुजरते हैं। **पहला पड़ाव-** यह रिश्ते की शुरूआत का दौर होता है। इस समय पार्टनर के प्रति काफी आकर्षण और उत्साह महसूस होता है। आप बार-बार उनके बारे में सोचते हैं और उनसे मिलने या बात करने का इंतजार करते हैं। इस दौरान पार्टनर की छोटी-छोटी बातें भी अच्छी लगती हैं। यही वह समय होता है, जब लोग इन भावनाओं को प्यार समझने लगते हैं। हालांकि, सिर्फ आकर्षण के दम पर कोई रिश्ता लंबे समय तक नहीं चल सकता। **दूसरा पड़ाव-** इस पड़ाव में प्यार की शुरूआती सपनों वाली दुनिया से बाहर निकलकर आप पार्टनर को असल रूप में समझने लगते हैं। आपको उनकी ऐसी आदतों और व्यवहार के बारे में पता चलता है, जो शायद आपको पसंद न आएं। जैसे उनका गुस्सा करना, पैसों को संभालने का तरीका, समय की अहमियत समझना और दूसरों से बात करने का अंदाज। यह रिश्ते की पहली बड़ी परीक्षा होती है। इस दौरान दोनों को समझना होता है कि क्या वे एक-दूसरे की खूबियों के साथ कमियों को भी स्वीकार कर सकते हैं। **तीसरा पड़ाव-**इस पड़ाव में रिश्ता सिर्फ पसंद और आकर्षण तक सीमित नहीं रहता, बल्कि दोनों पार्टनर एक-दूसरे के साथ रहने का फैसला करते हैं। कमिटमेंट का मतलब सिर्फ शादी या कोई कानूनी वादा करना नहीं है। इसका मतलब है कि आप अपने पार्टनर की खूबियों और कमियों को समझते हुए भी उनके साथ रिश्ता निभाना चाहते हैं। इस दौरान दोनों एक-दूसरे के प्रति अपनी जिम्मेदारी और भरोसे को मजबूत करते हैं। **चौथा पड़ाव-**कमिटमेंट के बाद रिश्ते में एक नई चुनौती सामने आती है। इस दौरान दोनों के बीच जिम्मेदारियों, फैसलों और नियंत्रण को लेकर मतभेद हो सकते हैं। जैसे घर की जिम्मेदारी कौन संभालेगा, बड़े फैसले कौन लेगा और पैसों से जुड़े मामलों में किसकी कितनी भूमिका होगी। अगर दोनों पार्टनर अपनी बात पर अड़े रहें और एक-दूसरे को समझने की कोशिश न करें, तो रिश्ता कमजोर पड़ सकता है। इसलिए इस पड़ाव में आपसी समझ और बराबरी बनाए रखना बहुत जरूरी है। **पांचवां पड़ाव-**जो कपल चौथे पड़ाव की चुनौतियों को समझदारी से पार कर लेते हैं, वे रिश्ते में स्थिरता की ओर बढ़ते हैं। इस समय दोनों एक-दूसरे की आदतों, पसंद-नापसंद और व्यवहार को बेहतर तरीके से समझने लगते हैं। रिश्ते में भरोसा और भावनात्मक सुरक्षा बढ़ती है। अब दोनों हर छोटी बात पर बहस करने के बजाय मिलकर समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करते हैं। रिश्ता एक टीम की तरह आगे बढ़ने लगता है। **छठा पड़ाव-**यह रिश्ते का वह दौर है, जहां आकर्षण के साथ भावनात्मक जुड़ाव भी गहरा हो जाता है। दोनों पार्टनर एक-दूसरे के सामने अपनी भावनाएं खुलकर रख पाते हैं। वे अपनी परेशानियां, डर और खुशियां बिना किसी झिझक के साझा करते हैं। इस पड़ाव में शारीरिक नजदीकियों के साथ भावनात्मक समझ भी रिश्ते को मजबूत बनाती है। **सातवां पड़ाव-**हर रिश्ते में एक ऐसा समय आ सकता है, जब जिंदगी की बड़ी परेशानियां सामने आती हैं। बीमारी, किसी करीबी का नुकसान, धोखा या कोई दूसरी बड़ी मुश्किल रिश्ते की परीक्षा ले सकती है। इस दौरान दोनों पार्टनर को तय करना होता है कि वे मुश्किलों का सामना एक-दूसरे के साथ मिलकर कैसे करेंगे। कुछ रिश्ते ऐसी परिस्थितियों के बाद और मजबूत हो जाते हैं, जबकि कुछ की नींव हिल जाती है। ऐसे समय में एक-दूसरे का साथ, भरोसा और खुलकर बातचीत करना बहुत जरूरी होता है।



### रविवार, 15 नवम्बर 2026 (पंचांग)

**सूर्योदय - 06 : 10**
**सूर्यास्त - 05 : 15**



**आचार्य महेश चन्द्र मिश्र**

**मेष** : सामाजिक कार्य करने के प्रति रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी।
**वृषभ** : सेहत का ध्यान रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। झंझटों में न पड़ें। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी।
**मिथुन** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐश्वर्य के साधनों पर सोच-समझकर खर्च करें।
**कर्क** : जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।
**सिंह** : आर्थिक उन्नति होगी। संचित कोष में वृद्धि होगी। देनदारी कम होगी। नौकरी में मनोनुकूल स्थिति बनेगी।
**कन्या** : किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति मार्गदर्शन प्राप्त होगा।
**तुला** : प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। दूसरों के बहकावे में न आएं। फालतू बातों पर ध्यान न दें। लाभ में वृद्धि होगी।
**वृश्चिक** : प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। प्रयास सफल रहेंगे।
**धनु** : दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।
**मकर** : कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। किसी अनहोनी की आशंका रहेगी।
**कुंभ** : दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।
**मीन** : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विवेक से कार्य करें।

# हिमालयन 750 से उठा पर्दा



एडवेंचर मोटरसाइकिल के शौकीनों के लिए रॉयल एनफील्ड ने अपनी नई हिमालयन 750 से पर्दा उठा दिया है। कंपनी की यह मोटरसाइकिल मौजूदा हिमालयन 450 से अधिक शक्तिशाली होगी। इसमें नया 750 सीसी इंजन, लंबी दूरी की यात्रा के अनुकूल डिजाइन और खराब रास्तों पर बेहतर प्रदर्शन के लिए खास सुविधाएं दी गई हैं। इसे नवंबर 2026 के आखिरी सप्ताह में आयोजित होने वाले मोटोवर्स कार्यक्रम के दौरान भारतीय बाजार में लॉन्च किए जाने की उम्मीद है। दमदार डिजाइन और बड़ा इंजन रॉयल एनफील्ड हिमालयन 750 में कंपनी ने अपनी एडवेंचर मोटरसाइकिल श्रृंखला की मजबूत बनावट को बरकरार रखा है। हालांकि, बड़ा ईंधन टैंक, ऊंची सीट और चौड़ा ढांचा इसे पहले से अधिक दमदार रूप देते हैं। इसका अगला हिस्सा हिमालयन श्रृंखला की दूसरी मोटरसाइकिलों से मिलता-जुलता है, जबकि पिछले हिस्से में हिमालयन 450 जैसी डिजाइन देखने को मिलती है। कंपनी इसे दोहरे रंगों के विकल्पों में पेश कर सकती है। इस मोटरसाइकिल की सबसे बड़ी खासियत इसका नया 750 सीसी पैरेलल-ट्विन इंजन है। कंपनी ने अभी इसकी अधिकतम शक्ति और टॉर्क के आधिकारिक आंकड़े जारी नहीं किए हैं। हालांकि, उपलब्ध जानकारियों के अनुसार, यह इंजन 55 हॉर्सपावर से अधिक की शक्ति और 60 एनएम का अधिकतम टॉर्क पैदा कर सकता है। इसके साथ छह गियर वाला गियरबॉक्स मिलने की उम्मीद है। बड़ा इंजन राजमार्गों पर लंबी दूरी तय करने और पहाड़ी रास्तों पर बेहतर प्रदर्शन करने में मदद कर सकता है। हालांकि, इसकी वास्तविक क्षमता का पता आधिकारिक तकनीकी विवरण सामने आने के बाद ही चलेगा। सस्पेंशन और उपयोगी फीचर्स- हिमालयन 750 में आगे अपसाइड-डाउन फोर्क और पीछे मोनोशॉक सस्पेंशन दिया गया है। आगे के सस्पेंशन में दबाव पड़ने और वापस आने की गति को समायोजित किया जा सकता है, जबकि पीछे के सस्पेंशन में प्रीलोड बदलने की सुविधा मिलेगी। इसमें ट्यूबलेस टायरों के अनुकूल स्पोक व्हील और आगे दो डिस्क ब्रेक दिए गए हैं। लंबी यात्रा को आरामदायक बनाने के लिए मोटरसाइकिल में समायोजित की जा सकने वाली विंडस्क्रीन और हेडलाइट मिलने की जानकारी सामने आई है। विंडस्क्रीन हवा के सीधे प्रभाव को कम करने में मदद करेगी, जबकि हेडलाइट की दिशा बदलने की सुविधा अलग-अलग भार की परिस्थितियों में उपयोगी हो सकती है। इसकी अनुमानित सीट ऊंचाई 830 से 850 मिलीमीटर के बीच और ग्राउंड क्लीयरेंस 220 मिलीमीटर से अधिक हो सकता है। हालांकि, इन आंकड़ों की कंपनी ने अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। कीमत और लॉन्च की जानकारी- रॉयल एनफील्ड हिमालयन 750 को नवंबर 2026 के आखिरी सप्ताह में होने वाले मोटोवर्स कार्यक्रम के दौरान भारतीय बाजार में लॉन्च किए जाने की उम्मीद है। इसकी संभावित एक्स-शोरूम कीमत 4.5 लाख से 5 लाख रुपये के बीच हो सकती है। कंपनी ने फिलहाल इसकी अंतिम कीमत और सभी तकनीकी विशेषताओं का खुलासा नहीं किया है। भारतीय बाजार में इसका मुकाबला केटीएम 790 एडवेंचर और सुजुकी वी-स्ट्रॉम 800डीई जैसी एडवेंचर मोटरसाइकिलों से होने की उम्मीद है। 750 सीसी इंजन, समायोजित किए जा सकने वाले सस्पेंशन और लंबी दूरी की यात्रा के अनुकूल सुविधाओं के साथ यह उन ग्राहकों को आकर्षित कर सकती है। जो हिमालयन 450 से अधिक क्षमता वाली मोटरसाइकिल खरीदना चाहते हैं।

मुद्रक व प्रकाशक बीनू गुप्ता द्वारा स्वामी मीडियाटेक्स्ट प्रा.लि. के लिए मीडियाटेक्स्ट प्रा.लि. आराजी संख्या 68, मौजा गोविन्दपुर, जी.टी. रोड रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित कराकर सी 32/22-23 रामसिंह राणा नगर
विद्यापीठ रोड, वाराणसी से प्रकाशित। सम्पादक- बीनू गुप्ता। स्थानीय सम्पादक- सत्येन्द्र श्रीवास्तव ✡ सहायक सम्पादक- प्रवीण राय, आर.एन.आई.संख्या - यूपीएचआइएन/2013/53226 (सभी विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन) (संस्थापक-स्व. डॉ. लक्ष्मण दास)
फोन नं.-0542-2220300, ईमेल- betsamachar@gmail.com

✡ इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन तथा कानूनी मामलों के लिए उत्तरदायी

# अस्ताचलगामी सूर्य को आज पहला अर्घ्य देंगी व्रती महिलाएं

डाला छठ

✡ डाला छठ पर नदी किनारे वेदियां बनाकर पूजा-अर्चना की

भारत एकता टाइम्स/ जौनपुर



डाला छठ पर शनिवार शाम व्रती महिलाओं ने गोमती नदी समेत अलग-अलग नदियों, तालाबों, पोखरों और अन्य जलाशयों के किनारे वेदियां बनाकर पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं ने सार्वजनिक स्थानों पर भी पूजा की। शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ महिलाओं ने पुत्रों की लंबी उम्र और यश की कामना करते हुए व्रत की शुरूआत की। उन्होंने गन्ने के रस या गुड़ से खीर बनाई और देवकरी में रखकर हवन किया। इसके बाद खीर को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। महिलाओं ने बांस की बड़ी टोकरी में अगरबत्ती, धूप, देसी घी, मिट्टी के दीपक, बर्तन, फल, गेहूं का आटा, गुड़ और ठेकुआ रखा। नारियल को कपड़े में लपेटकर सूप में सजाया। इसके बाद महिलाएं घरों से छठ गीत गाते हुए पूजा स्थलों पर पहुंचीं। वहां वेदी बनाकर पूजा की और पानी में गन्ना गाड़कर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। छठ पूजा की शुरूआत नहाय-खाय से होती है। शनिवार को खरना का विधान किया गया। इसमें व्रती महिलाएं शाम को गुड़ और चावल की खीर व रोटी का प्रसाद ग्रहण करेंगी। इसके बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होगा। तीसरे दिन यानी रविवार शाम श्रद्धालु डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगे। चौथे दिन सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ व्रत पूरा होगा। इस दौरान महिलाएं परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की लंबी उम्र की कामना करेंगी। नगर पालिका की ओर से छठ घाटों पर सफाई और रोशनी की व्यवस्था की गई है। प्रमुख घाटों को झालरों, दीपों और फूलों से सजाया गया है। सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके साथ ही घाटों पर गोताखोर भी लगाए गए हैं। डाला छठ पूजा के मद्देनजर जौनपुर शहर में 15 नवंबर को दोपहर 2 बजे से 16 नवंबर को पूजा समाप्त होने तक यातायात डायवर्जन लागू रहेगा। प्रशासन ने शहर में आने-जाने वाले वाहनों के लिए अलग-अलग रास्ते निर्धारित किए हैं। कुत्तूपुर की ओर से आने वाले वाहनः चार और तीन पहिया वाहन शाहगंज पड़ाव तक ही जा सकेंगे। सद्भावना पुल और शाही पुल पर पूजा के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को चाहरसू चौराहे या अशोक टॉकीज तिराहे पर उतारा जाएगा। इसके बाद वाहन किले के पास, राज कॉलेज और अटाला मस्जिद के सामने खाली मैदान में पार्क होंगे। इन स्थानों से कोई वाहन सद्भावना पुल या शाही पुल की ओर नहीं जाएगा। पॉलिटेक्निक चौराहे से आने वाले वाहनः चार और तीन पहिया वाहनों को शहर के अंदर प्रवेश नहीं मिलेगा।

# चोरी के 939 मोबाइल के साथ 7 गिरफ्तार

✡ दो सगे भाई किराए के मकान में खरीदते थे फोन, दिल्ली में बेचने की तैयारी थी

भारत एकता टाइम्स/जौनपुर



शिवगुलामगंज बाजार में बक्शा पुलिस ने चोरी के 939 मोबाइल के साथ सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 40 बोरियों में मोबाइल के स्क्रैप पार्ट्स, 272 सिम कार्ड, 24 हजार रुपए और एक बाइक भी जब्त की है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी चोरी के मोबाइल दिल्ली ले जाकर बेचने की तैयारी कर रहे थे। एसपी ग्रामीण आतिश कुमार सिंह ने शनिवार शाम 4:30 बजे प्रेसवार्ता कर गिरफ्तारी की जानकारी दी। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह को सूचना मिली थी कि शिवगुलामगंज बाजार में चोरी के मोबाइल जमा किए जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने छापा मारकर सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, एक बोरी में अलग-अलग कंपनियों के 939 मोबाइल मिले। इनमें 805 की-पैड और 134 एंड्रॉयड फोन थे। इसके अलावा 40 बोरियों में मदरबोर्ड, डिस्प्ले और स्क्रीन समेत मोबाइल के स्क्रैप पार्ट्स मिले। गिरफ्तार आरोपियों में उमरपुर शिवगुलामगंज निवासी सगे भाई सौरभ गुप्ता और कामेश गुप्ता शामिल हैं। दोनों शिवगुलामगंज बाजार में किराए के मकान में रहते थे। पुलिस के मुताबिक, वे चोरी के मोबाइल कम कीमत पर खरीदकर अपने पास जमा करते थे। अन्य गिरफ्तार आरोपियों में संजय सिंह निवासी गोधेपुर, गजनेर, कानपुर देहात; अजय नायक निवासी परतापुर, दिवियापुर, औरैया; अखिलेश नायक निवासी रामनगर, ठठिया, कन्नौज; संजय सिंह निवासी आरामऊ, रूरा, कानपुर देहात और हसीम खान उर्फ वसीम निवासी आशियाना कॉलोनी, लोहियानगर, मेरठ शामिल हैं। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने संगठित तरीके से चोरी के मोबाइल कम कीमत पर खरीदने की बात स्वीकार की। ज्यादा मोबाइल जमा होने पर उन्हें सौरभ और कामेश के किराए के मकान में रखा जाता था। पुलिस के अनुसार, आरोपी पुराने और खराब मोबाइल से मदरबोर्ड, डिस्प्ले और कैमरा जैसे उपयोगी पार्ट्स अलग करते थे। इनसे कस्टमाइज्ड क्लोन फोन तैयार कर हसीम खान उर्फ वसीम के जरिए दिल्ली में अलग-अलग लोगों को बेचते थे। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों के पास बरामद मोबाइल और सिम कार्ड से जुड़े कोई बिल या वैध दस्तावेज नहीं मिले हैं। मोबाइल, सिम कार्ड और स्क्रैप पार्ट्स का साइबर अपराध में इस्तेमाल होने की आशंका को देखते हुए तकनीकी जांच कराई जा रही है। पुलिस आईएमईआई, सिम कार्ड और पुराने मोबाइल में मौजूद डिजिटल डेटा की जांच कर रही है। आशंका है कि इनका इस्तेमाल फर्जी कॉल, लिंक भेजने या अन्य साइबर ठगी में किया जा सकता है। जांच के जरिए साइबर अपराध और ठगी से जुड़ी संभावित कड़ियों का पता लगाया जा रहा है।

## कारोबार/खेल

# कुमामोतो मास्टर्सः लक्ष्य सेन ने फाइनल में बनाई जगह

✡ खिताब से एक कदम दूर इंडोनेशियाई खिलाड़ी को हराया

भारत एकता टाइम्स/ कुमामोतो




लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूनार्मेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। शनिवार को खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में भारत के स्टार शटलर लक्ष्य ने इंडोनेशिया के विश्व नंबर 10 अलवी फरहान को कड़े संघर्ष के बाद तीन गेमों में 21-12, 15-21, 21-11 से शिकस्त दी। यह लगातार दूसरा मौका है जब लक्ष्य किसी टूनार्मेंट के फाइनल में पहुंचे हैं। इस खिताबी मुकाबले में जगह बनाने के साथ ही उन्होंने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स (हांगकांग) के लिए क्वालिफाई करने की अपनी उम्मीदों को बेहद मजबूत कर लिया है। मुकाबले की शुरूआत से ही लक्ष्य ने अपनी रणनीतिक कुशलता का बेहतरीन परिचय दिया। फरहान के तेज और आक्रामक खेल के आगे लक्ष्य ने संयम दिखाते हुए धैर्यपूर्ण रैलियां बनाई और सही मौके का इंतजार किया। सटीक रिटर्न और फोरहैंड पर सटीक वार करते हुए लक्ष्य ने पहले गेम में शुरूआत से ही बढ़त बना ली और आसानी से 21-12 से पहला गेम अपने नाम कर लिया। इससे पहले लक्ष्य अपने दोनों मुकाबलों में फरहान से एक भी गेम नहीं जीत पाए थे, लेकिन इस बार उन्होंने शानदार वापसी करते हुए अपनी रणनीति से विरोधी को हैरान कर दिया। दूसरे गेम में इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने जोरदार वापसी की। इस गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच लंबी और रोमांचक रैलियां देखने को मिलीं, जिसमें एक 57 शॉट की मैराथन रैली भी शामिल थी जिसमें लक्ष्य के शानदार डिफेंस ने दर्शकों का दिल जीत लिया। हालांकि, इस दौरान लक्ष्य ने कुछ गलतियां भी की और उन्होंने कई अंक गंवाए, जिसका फायदा उठाकर फरहान ने यह गेम 21-15 से जीतकर मैच को निर्णायक तीसरे गेम में पहुंचा दिया। निर्णायक और तीसरे गेम में लक्ष्य ने एक बार फिर अपनी लय हासिल की और शुरूआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। मैच के दौरान फरहान को अंगुली से खून आने के कारण मेडिकल टाइमआउट भी लेना पड़ा, जिसके बाद खेल फिर शुरू हुआ। अंतराल तक लक्ष्य ने अपनी बढ़त को मजबूत कर लिया था। इसके बाद उन्होंने अपने ट्रेडमार्क जंप स्मैश और सटीक डाउन-द-लाइन शॉट्स लगाए। अंततः फरहान की गलतियों और लक्ष्य के बेहतरीन आक्रमण की बदौलत भारतीय खिलाड़ी ने तीसरा गेम 21-11 से जीतकर फाइनल का टिकट कटा लिया। इस शानदार जीत के साथ ही बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज लक्ष्य सेन के लिए सीजन के अंतिम बड़े टूनार्मेंट में जगह बनाने के दरवाजे लगभग खुल गए हैं। खिताबी जीत उन्हें 9,200 अंक दिलाएगी, जबकि उपविजेता रहने पर 7,800 अंक मिलेंगे, जो उन्हें शीर्ष 8 में पहुंचाने के लिए काफी होंगे। खिताबी मुकाबले में उनका सामना जापान के कोकी वतानेबे और थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसर्न के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।

## लालरेमसियामी को मिला सम्मान

**नई दिल्ली।** मिजोरम की पहली अर्जुन अवॉर्डी लालरेमसियामी के गांव दियाक्वान के जिस मैदान पर फुटबॉल खेली जाती थी और हॉकी को कोई जगह नहीं थी। अब उसी गांव की पंचायत ने इसे हॉकी का मैदान घोषित कर दिया है। यही नहीं इस मैदान का नाम लालरेमसियामी हॉकी ग्राउंड रख दिया गया है। राष्ट्रपति के हाथों अर्जुन अवॉर्ड लेने के बाद भावुक लालरेमसियामी अमर उजाला को बताती हैं कि अब उनकी यही इच्छा है कि इस मैदान पर आधुनिक सुविधाएं लाकर गांव के बच्चों हॉकी में आगे निकालें। लालरेमसियामी अपनी मां लालजारमावी और बचपन की कोच लालरमपरी के साथ अर्जुन अवॉर्ड लेने आई।

# मैग्नस कार्लसन 15 साल बाद गंवा सकते हैं नंबर 1 का ताज

भारत एकता टाइम्स/ बुडापेस्ट



पांच बार के विश्व शतरंज चैंपियन मैग्नस कार्लसन को टोटल चेस विश्व चैंपियनशिप टूर पायलट के फास्ट क्लासिकल मुकाबले के तीसरे दिन आर्मेनिया के हाइक मार्टिरोस्यान के हाथों हार का सामना करना पड़ा जिससे विश्व नंबर एक खिलाड़ी की उनकी 15 साल से बरकरार बादशाहत खतरे में पड़ गई है। 35 वर्षीय नॉर्वे के ग्रैंडमास्टर कार्लसन जुलाई 2011 से विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर काबिज हैं। हालांकि फास्ट क्लासिकल वर्ग में पांच मुकाबले ड्रॉ खेलने और एक हार झेलने के बाद उन्होंने 15.8 रेटिंग अंक गंवा दिए हैं और लाइव रेटिंग में उनके 2807.2 अंक रह गए हैं। शानदार फॉर्म में चल रहे अमेरिका के फाबियानो कारुआना तेजी से कार्लसन के करीब पहुंच रहे हैं। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर ने पांच जीत और दो ड्रॉ के साथ 17 रेटिंग अंक हासिल किए हैं। उनके अब 2800 अंक हो गए हैं और वह कार्लसन से केवल 7.2 अंक पीछे हैं। लाइव रेटिंग में वास्तविक समय के आधार पर बदलाव होता है, जबकि अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) हर महीने आधिकारिक रेटिंग भी जारी करता है। मार्टिरोस्यान ने पहली बार किसी क्लासिकल फिडे रेटेड मुकाबले में कार्लसन का सामना किया और सफेद मोहरों से खेलते हुए पहले गेम में उन्हें 41 चाल में हरा दिया। हालांकि दोनों ग्रैंडमास्टर के बीच दूसरी बाजी ड्रॉ रही। एक जीत और एक ड्रॉ के साथ मार्टिरोस्यान के 10 अंक हो गए हैं और उन्होंने ग्रुप सी में एकल बढ़त बना ली है।

# भारत ने जीता एशिया कप का खिताब

अंडर-19 एशिया कप

✡ पाकिस्तान को एक विकेट से हराकर रिकॉर्ड नौवीं बार ट्रॉफी जीती

भारत एकता टाइम्स/अल अमेरात





भारतीय टीम ने शनिवार को इतिहास रचते हुए एसीसी मेंस अंडर-19 एशिया कप 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को एक विकेट से हराकर रिकॉर्ड नौवीं बार यह ट्रॉफी जीती। 338 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने आखिरी गेंद पर जीत दर्ज की। एक समय 252 रन पर आठ विकेट गंवाकर हार की कगार पर खड़ी भारतीय टीम को मनल चौहान और मोहित उल्वा ने यादगार जीत दिलाई। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट खोकर 337 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम ने 49.6 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ भारत ने ग्रुप स्टेज में पाकिस्तान से मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। 338 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को आर्यवीर सहवाग और कप्तान लक्ष्य रायचंदानी ने शानदार शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 17.4 ओवर में 95 रन जोड़े। आर्यवीर 61 गेंदों में 58 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में नौ चौके शामिल रहे। दूसरे छोर पर कप्तान लक्ष्य रायचंदानी ने भी शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 101 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 80 रन बनाए। हालांकि, दोनों सलामी बल्लेबाजों के आउट होने के बाद भारतीय पारी लड़खड़ा गई। वीके विनीत 24 रन बनाकर आउट हुए, जबकि अर्जुन राजपूत 16 और यशवर्धन चौहान नौ रन ही बना सके। विकेटकीपर बल्लेबाज अन्वय द्रविड़ ने 12 गेंदों में 19 रन बनाए। आर्यन सावसानी नौ रन और काव्या पटेल बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। इस तरह भारतीय टीम ने 252 रन के स्कोर पर आठ विकेट गंवा दिए और पाकिस्तान की जीत लगभग तय नजर आने लगी। लेकिन नौवें विकेट के लिए मनाल चौहान और मोहित उल्वा ने मुकाबले की तस्वीर बदल दी। दोनों बल्लेबाजों ने सिर्फ 35 गेंदों में 57 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। मनाल ने 32 गेंदों में 47 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और तीन छक्के शामिल थे। वह 48वें ओवर में आउट हो गए, लेकिन दूसरे छोर पर मोहित डटे रहे। मोहित उल्वा ने 26 गेंदों में नाबाद 49 रन की तूफानी पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और तीन छक्के लगाए। भारतीय टीम को आखिरी गेंद पर जीत के लिए तीन रन की जरूरत थी। मोहित ने शानदार चौका जड़कर भारत को एक विकेट से ऐतिहासिक जीत दिला दी। इससे पहले टॉस के बाद बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम ने भारतीय गेंदबाजों के सामने 338 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज हयाम खान और उस्मान खान ने पहले विकेट के लिए 8.1 ओवर में 62 रन जोड़े।

# भारत व न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला आज

✡ कुलदीप यादव को पांचवें वनडे में मिल सकता है मौका

भारत एकता टाइम्स/ माउंट मोंगानुई



भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला आज ओवल के मैदान पर खेला जाएगा। चौथे वनडे में मिली 244 रनों की करारी हार को भुलाकर भारतीय टीम इस मुकाबले में दमदार प्रदर्शन करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। वहीं, न्यूजीलैंड चौथे वनडे में किए गए अपने प्रदर्शन को आखिरी मैच में भी दोहराना चाहेगी। पांच मैचों की वनडे सीरीज में फिलहाल भारतीय टीम 2-1 से आगे है। भारत के पास जहां सीरीज अपने नाम करने का मौका है, तो वहीं न्यूजीलैंड की नजरें बराबरी पर होंगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पांचवें वनडे से पहले टीम में बदलाव किया। तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ को टेस्ट टीम में शामिल किया गया जिससे वह पांचवें वनडे के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। ऐसे में यह तय है कि पांचवें मैच के लिए भारत की प्लेइंग-11 में बदलाव होगा। भारत ने वनडे सीरीज में अब तक 14 खिलाड़ियों का इस्तेमाल किया है। शुभमन गिल, अंशुल कंबोज, जसप्रीत बुमराह और नीतीश रेड्डी के नहीं होने से भारत के पास कुछ अन्य खिलाड़ियों को मौका देना होगा। बे ओवल मैदान की पिच तेज गेंदबाजों के मुफीद रहती है। खासतौर पर शुरूआती ओवरों में गेंद काफी लहराती है। हालांकि, क्रीज पर सेट होने के बाद बल्लेबाजों ने भी चौथे वनडे में आसानी से रन बटोरे थे। एक्यूवेदर की रिपोर्ट के अनुसार, माउंट मोंगानुई में रविवार को बादल छाए रहने की उम्मीद है, जिसके चलते तेज गेंदबाजों को अच्छी मदद मिल सकती है। मगर बारिश होने की आशंका लगभग न के बराबर है। सीरीज का अपना पहला मुकाबला खेलने उतरे कुलदीप यादव के खिलाफ विल यंग ने जमकर रन बनाए थे। इस दौरे पर अब तक बहुत कम मैच खेलने का मौका पाने वाले कुलदीप अगर अगले मुकाबले में उतरते हैं तो वह अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे। टेस्ट टीम से रिलीज किए गए बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप न्यूजीलैंड दौरे का समापन यादगार प्रदर्शन के साथ करना चाहेंगे। इस बात की संभावना अधिक है कि कुलदीप को इस मैच के लिए प्लेइंग-11 में शामिल किया जा सकता है। दूसरी ओर, बराड़ के नहीं होने से मोहम्मद सिराज के लिए प्लेइंग-11 के दरवाजे खुल गए हैं। वह इस दौरे पर अपना पहला मैच खेलने उतर सकते हैं।

## मैच के लिए दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11

**भारतः** रोहित शर्मा, ऋतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), नमन धीर, अक्षर पटेल, आकिब नबी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह।
**न्यूजीलैंडः** विल यंग, टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), निक केली, डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, फिन एलेन, माइकल ब्रेसवेल, मिचेल सैंटनर (कप्तान), क्रिस्टियन क्लार्क, मैट फिशर, जैकब डफी, ब्लेयर टिकनर।

# सोना 5643 गिरकर 1.36 लाख पर आया, चांदी 4868 सस्ती

भारत एकता टाइम्स/ नई दिल्ली



सोने-चांदी के दाम में गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 5,643 गिरकर 1.36 लाख रुपए पर आ गए हैं। वहीं 1 किलो चांदी की कीमत भी इस हफ्ते 4,868 रुपए गिरकर 1.78 लाख रुपए पर आ गई है। पिछले हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी 6 नवंबर को सोना 1.41 लाख रुपए और चांदी 1.83 लाख रुपए पर थी। ट्रांसपोर्टेशन और सिक्योरिटीः एक शहर से दूसरे शहर सोना ले जाने में ईंधन और सुरक्षा खर्च जुड़ता है, जिससे दूरी बढ़ने पर दाम बढ़ते हैं। खरीदारी की मात्राः दक्षिण भारत में ज्यादा खपत (करीब 40%) के कारण ज्वेलर्स बड़ी खरीद करते हैं, लेकिन छूट का फायदा सीमित रहता है। लोकल ज्वेलरी एसोसिएशनः राज्य और शहर के ज्वेलरी एसोसिएशन स्थानीय मांग-सप्लाई के आधार पर रेट तय करते हैं। पुराना स्टॉक और खरीद मूल्यः ज्वेलर्स का खरीदी रेट तय करता है कि वे ग्राहकों को कितनी कीमत में बेचेंगे। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। चांदी की कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक चांदी 2.08 लाख रुपए सस्ती हो गई है। वहीं, 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे।

# दालों की कीमतों पर सरकार सख्त

भारत एकता टाइम्स/ नई दिल्ली



देश में दालों की बढ़ती कीमतों पर लगाम कसने और बाजार में कृत्रिम किल्लत व जमाखोरी रोकने के लिए केंद्र सरकार ने अब तक का सबसे कड़ा कदम उठाया है। उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा बुलाई गई उच्चस्तरीय बैठक के बाद, सरकार ने सभी प्रकार की दालों के लिए अनिवार्य स्टॉक घोषणा की व्यवस्था लागू कर दी है। इसके तहत अब देश के सभी स्टॉकिस्ट, मिलर्स, आयातकों, थोक और खुदरा विक्रेताओं के साथ-साथ बड़ी रिटेल चेन को भी प्रत्येक शुक्रवार दालों के स्टॉक की जानकारी देनी होगी। शुक्रवार को उपभोक्ता मामले विभाग के अधिकारियों और दाल मिलर्स, आयातकों, ट्रेडर्स, डीलर्स व बड़ी रिटेल चेन के प्रतिनिधियों के बीच करीब 3 घंटे तक मैराथन बैठक चली। इस बैठक में बाजार में दालों की उपलब्धता और खुदरा कीमतों की समीक्षा की गई। सरकार ने स्पष्ट शब्दों में कारोबारियों को निर्देश दिए हैं कि वे नियमित रूप से स्टॉक की सही जानकारी दें और बाजार में आपूर्ति को सुचारू बनाए रखें। सरकार का मानना है कि इस साप्ताहिक खुलासे से बाजार में दालों की वास्तविक स्थिति सामने आ जाएगी। सरकार के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि बंपर पैदावार और भारी स्टॉक के बावजूद उपभोक्ताओं को महंगी दालें क्यों खरीदनी पड़ रही हैं। केंद्र के पास अभी 38 लाख टन दालों का सुरक्षित बफर स्टॉक उपलब्ध है। पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में दालों के आयात में करीब 67 फीसद की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है, और यह आयात कम कीमतों पर किया गया है। चालू वर्ष के दौरान देश में दालों का कुल उत्पादन लगभग 374 लाख मीट्रिक टन हुआ है, जो पिछले 5 वर्षों में सबसे अधिक है। अकेले उड़द के उत्पादन में 12 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है। वैश्विक बाजारों से भी सप्लाई की स्थिति अच्छी रही है। इसके बावजूद घरेलू बाजार में कीमतों का ऊंचा बने रहना पूरी तरह से कृत्रिम प्रतीत हो रहा है।

# आम आदमी की थाली पर महंगाई की मार

✡ शाकाहारी भोजन 12% महंगा प्याज-टमाटर ने बिगाड़ा बजट

भारत एकता टाइम्स/ मुंबई



अक्तूबर में घर की शाकाहारी थाली की लागत सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़ गई। प्याज, टमाटर, चावल और खाद्य तेल की कीमतों में वृद्धि इसका मुख्य कारण रही। वहीं, मांसाहारी थाली की लागत में अपेक्षाकृत कम नौ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। क्रिसिल की मासिक रोटी राइस रेट रिपोर्ट ने यह जानकारी दी है। पिछले साल अक्तूबर में शाकाहारी थाली की लागत 27.8 रुपये थी, जो अब 31.2 रुपये हो गई। मांसाहारी थाली की लागत 54.4 रुपये से बढ़कर 59.2 रुपये पहुंच गई है। मासिक आधार पर अक्तूबर में शाकाहारी थाली की लागत एक प्रतिशत बढ़ी। जबकि मांसाहारी थाली की लागत एक प्रतिशत घट गई। प्याज की कीमतें सालाना आधार पर दोगुना से अधिक बढ़कर 53 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं। दक्षिणी व पश्चिमी राज्यों से खरीफ टमाटर की आवक में देरी हुई। त्योहारी मांग के कारण टमाटर की कीमतों में सालाना आधार पर छह प्रतिशत की वृद्धि हुई। चावल की कीमतें भी सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़ीं। कटाई में देरी से अक्तूबर में चावल की आवक 40 प्रतिशत घट गई। अच्छी गुणवत्ता वाली किस्मों की संभावित कमी की अटकलों ने भी कीमतों को बढ़ाया।

# डीएम व एसएसपी ने निर्माणाधीन भवन का आकस्मिक निरीक्षण किया

भारत एकता टाइम्स/आजमगढ़



जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा थाना कन्धरापुर पर आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई की गई। इस दौरान दोनों अधिकारियों द्वारा उपस्थित फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों की निष्पक्ष जांच करते हुए उनका गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर संबंधित प्रकरणों का नियमानुसार निस्तारण करने तथा फरियादियों की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए गए। तत्पश्चात जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कन्धरापुर परिसर में निमार्णाधीन प्रशासनिक भवन का आकस्मिक निरीक्षण* किया गया। इस दौरान निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लेते हुए संबंधित इंजीनियर एवं ठेकेदार से वार्ता की गई तथा निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर थाना कन्धरापुर के पुलिस अधिकारी/कर्मचारी एवं संबंधित राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## छात्र-छात्राओं ने खाने-पीने के सामान के स्टॉल लगाकर दिखाई प्रतिभा

**फरिहा (आजमगढ़)।** निजामाबाद तहसील क्षेत्र के रोवां बाजार स्थित यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में बाल दिवस हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जिनमें छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बच्चों ने खाने-पीने की विभिन्न वस्तुओं के स्टॉल लगाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बाल दिवस के आयोजन को लेकर विद्यालय परिसर में सुबह से ही उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। बच्चों ने अपने-अपने स्टॉल को आकर्षक ढंग से सजाया। विद्यालय पहुंचे अभिभावकों और अन्य लोगों ने बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान बच्चों में खासा उत्साह दिखाई दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ आपसी सहयोग, जिम्मेदारी और रचनात्मक गतिविधियों के प्रति प्रोत्साहित करना भी रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक जनाब अब्दुल्लाह खान और प्रधानाचार्या अंजली सिंह की उपस्थिति रही। इनके अलावा अमरनाथ विश्वकर्मा, सऊद सिद्दीकी, निजामुद्दीन सहित विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक एवं क्षेत्र के ग्रामीण भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी अतिथियों और शिक्षकों ने बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉल की सराहना की तथा उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने और नए अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलता है। बाल दिवस का यह आयोजन बच्चों के लिए यादगार और उत्साहपूर्ण रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक अब्दुल्ला खान व अमरनाथ विश्वकर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी आगंतुकों का सभी का आभार प्रकट किया।

## देवकली में 2.40 करोड़ की लागत से बने पीएचसी भवन का लोकार्पण

- 30 हजार आबादी को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा

भारत एकता टाइम्स/बलिया

हनुमानगंज ब्लॉक के देवकली गांव (हरपुर महावल खुर्द) में शनिवार को स्वास्थ्य सुविधाओं की दिशा में एक बड़ी सौगात मिली। यहां लगभग 2.40 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के भवन का लोकार्पण शनिवार को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार ने किया। इस स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से क्षेत्र की करीब 30 हजार आबादी को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। पीएचसी के निर्माण में प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की महत्वपूर्ण पहल और प्रयासों की अहम भूमिका रही है। लगभग 240.90 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस चिकित्सालय भवन का निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ की ओर से करीब दो वर्षों में पूरा कराया गया है। डेढ़ बीघा क्षेत्रफल में फैले इस परिसर में मुख्य चिकित्सा भवन के साथ चिकित्साधिकारी और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के लिए आवासीय भवन भी बनाए गए हैं। स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य सेवाएं शुरू करते हुए 94 प्रकार की दवाओं की उपलब्धता, 14 प्रकार की जांच और सामान्य ओपीडी की सुविधा सुनिश्चित की गई है। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार ने कहा कि नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के संचालन से आसपास के गांवों के लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। इससे ग्रामीणों को सामान्य बीमारियों के उपचार और आवश्यक जांच के लिए दूर-दराज के अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी। वहीं, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समारोह को संबोधित करते हुए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि देवकली में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नया भवन क्षेत्रवासियों के लिए महत्वपूर्ण सौगात है। हमारा प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरों की तरह बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। इस केंद्र के शुरू होने से लोगों को स्थानीय स्तर पर ही उपचार, दवाओं और जांच की सुविधा मिल सकेगी। छोटी-मोटी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए अब उन्हें दूर-दराज के अस्पतालों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

## छठ महापर्व को लेकर माहुल में तैयारियां तेज तीन पोखरों पर सजेगा आस्था का महापर्व

भारत एकता टाइम्स/माहुल,आजमगढ़



लोक आस्था के महापर्व डाला छठ को लेकर माहुल नगर पंचायत में तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। सूयोर्पासना के इस पावन पर्व पर व्रती महिलाओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत प्रशासन ने कमर कस ली है। नगर के प्रमुख पोखरों पर साफ-सफाई से लेकर विद्युत व्यवस्था और श्रद्धालुओं के बैठने तक के इंतजाम किए जा रहे हैं। शनिवार शाम तक विभिन्न घाटों पर करीब 200 वेदियां बनकर तैयार हो चुकी थीं। वहीं, महिलाएं भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ अपनी वेदियां तैयार करने में जुटी हैं।

नगर पंचायत माहुल के अधिशासी अधिकारी अवधेश मिश्रा ने बताया कि वार्ड नंबर तीन गांधी नगर स्थित सिद्धपीठ काली चौरा, वार्ड नंबर पांच सरदार वल्लभभाई पटेल नगर के केवटाना तथा वार्ड नंबर 11 में पॉलिटेक्निक स्कूल के समीप स्थित पोखरे पर विशेष व्यवस्था की जा रही है। इन सभी स्थानों पर नगर पंचायत की ओर से साफ-सफाई, विद्युत प्रकाश, चूने का छिड़काव, कपड़े बदलने के लिए चेंजिंग रूम और श्रद्धालुओं के बैठने के लिए पंडाल की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही माइक और साउंड सिस्टम तथा पोखरों में स्वच्छ जल भराव का भी इंतजाम किया गया है। घाटों पर व्रती महिलाओं और उनके परिजनों की चहल-पहल बढ़ गई है। महिलाएं पूजा के लिए अपनी-अपनी वेदियां तैयार कर रही हैं। पूरे क्षेत्र में छठ महापर्व को लेकर भक्तिमय माहौल बनने लगा है। पंडित धरणीधर पांडेय ने बताया कि छठ का चार दिवसीय कठिन सूयोर्पासना व्रत पूरी श्रद्धा और निष्ठा के साथ किया जाता है। महिलाएं भगवान सूर्य और छठी मइया की आराधना कर संतान की सुख-समृद्धि, परिवार की खुशहाली और मंगलकामना के लिए यह व्रत रखती हैं।

## छठ पर्व की तैयारियों में जुटा प्रशासन डीएम-एसपी ने परखी घाटों की व्यवस्था

### छठ घाटों पर व्रती महिलाओं की सुविधा सर्वोपरि, डीएम ने दिए निर्देश

- बड़काखेत और माल्देपुर घाट पहुंचे डीएम-एसपी, व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश

भारत एकता टाइम्स/बलिया



छठ महापर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक इराज राजा ने विकासखंड सोहाव के अंतर्गत बड़काखेत घाट एवं माल्देपुर घाट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने दोनों घाटों का भ्रमण कर छठ पूजा की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि घाटों पर छठ पूजा करने आने वाली महिलाओं एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के साथ ही साफ-सफाई, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि छठ पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग अपनी जिम्मेदारियों का पूरी तत्परता से निर्वहन करें और घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कर लें। वहीं, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक जनपद के विभिन्न छठ घाटों का लगातार भ्रमण कर तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। प्रशासन की ओर से पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर व्यवस्थाओं पर विशेष नजर रखी जा रही है।

### तहसीलदार सदर ने मतदाता पहचान पत्र और आवेदन प्रक्रिया की दी जानकारी

**बलिया।** जमुना राम मेमोरियल स्कूल में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि तहसीलदार सदर अभिषेक कुमार ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व, लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाताओं की भूमिका और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में राजस्व लेखपाल चितबड़ागांव बृजेश यादव एवं अधिवक्ता रामयश यादव ने मतदाता पहचान पत्र बनवाने की प्रक्रिया और इसके लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी। इस दौरान छात्र-छात्राओं वंदना पांडेय, रिया सिंह, कृतिका सिंह और अस्मित कुमार ने मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए जरूरी दस्तावेजों, आवेदन प्रक्रिया सहित अन्य विषयों पर तहसीलदार से सवाल पूछे। तहसीलदार अभिषेक कुमार ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

## छठ महापर्व पर नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था की खुली पोल

- मुख्य बाजार की गली में नाले का गंदा पानी जमा

भारत एकता टाइम्स/बेल्थरारोड,बलिया



लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर जहां एक तरफ नगर से लेकर गांवों तक साफ-सफाई और स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, वहीं आदर्श नगर पंचायत बेल्थरारोड के मुख्य बाजार स्थित बस स्टेशन वाली गली में नाले का गंदा पानी सड़क पर जमा होने से नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था की पोल खुलती नजर आ रही है। सड़क पर जमा गंदे पानी के बीच से होकर लोगों को आवागमन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। छठ महापर्व के अवसर पर दूरदराज सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्राहक खरीदारी करने के लिए बेल्थरारोड बाजार पहुंच रहे हैं। लेकिन मुख्य बस स्टॉप वाली गली में नाले का गंदा पानी जमा होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि राहगीरों को गंदे पानी में पैर डालकर सड़क पार करनी पड़ रही है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक तरफ सरकार और प्रशासन छठ महापर्व को देखते हुए घाटों से लेकर सार्वजनिक स्थलों तक साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ आदर्श नगर पंचायत बेल्थरारोड के मुख्य बाजार की यह बदहाल तस्वीर स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। लोगों का कहना है कि पर्व के दौरान बाजार में खरीदारी के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को इस तरह की परेशानी झेलनी पड़ रही है, जो नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाती है। बताया जा रहा है कि नगर पंचायत की ओर से नाले की सफाई और जलनिकासी के लिए टैंकर भी लगाया गया था, लेकिन इसके बावजूद पानी की निकासी नहीं हो सकी और प्रयास पूरी तरह नाकाम साबित हुआ। नतीजतन छठ जैसे पवित्र पर्व पर भी लोगों को नाले के गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। इस बदहाल स्थिति को लेकर नगर में चचाओं का बाजार गर्म है। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से तत्काल प्रभावी कदम उठाकर जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त कराने और मुख्य बाजार की गली को साफ कराने की मांग की है, ताकि छठ महापर्व पर बाजार आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को इस नारकीय स्थिति से राहत मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### बाल दिवस पर बच्चों द्वारा की गयी मनभावन प्रस्तुति



**बेल्थरा रोड (बलिया)।** बेल्थरा रोड तहसीलदार राजू कुमार ने कहां कि बाल दिवस बच्चों के मनोरंजन का दिवस है। इससे शिक्षा के साथ साथ मानसिक विकास करने का एक सुनहरा मौका है। सभी को बाल दिवस की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाएं बच्चों के भविष्य के लिए सार्थक प्रयास कर स्कूल का नाम रोशन करें। तहसीलदार कुमार यहां न्यू सेंट्रल पब्लिक एकेडमी की ओर से शनिवार को स्कूल प्रांगड़ में आयोजित बाल दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। आयोजित बाल मेला में विभिन्न प्रकार के खेल खिलौने, व्यंजनों के स्टाल, मनोरंजन के अन्य व्यवस्था को सराहा, और कहा कि इस बाल मेले ने मेरा अपना बचपन भी याद दिला दिया। बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए इस प्रकार के आयोजनों को उनके सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। विशिष्ट अतिथि के रूप में आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता सर्वेश मिश्रा ने कहा बाल मेला के मौके पर बच्चों के मनोरंजन के साथ आनन्द लेने का समय है। उन्होंने आयोजित मेले का स्वरूप देख कर उसकी सराहना की। साथ ही एकेडमी परिवार को भव्य बाल मेला आयोजित किए जाने पर बधाई दी। विद्यालय के प्रबंधक सतीश दूबे ने कार्यक्रम की सफलता पर अपने आमंत्रित अतिथियों के प्रति समय से पधारने पर आभार प्रकट किया। साथ ही कार्यक्रम के सहयोगी कर्मियों को भी धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जिनमें खान-पान, खेलकूद एवं मनोरंजन से जुड़ी गतिविधियां प्रमुख रहीं। बच्चों ने स्वयं स्टॉलों का संचालन करते हुए अपनी रचनात्मकता, प्रतिभा, प्रबंधन क्षमता एवं व्यावहारिक कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। मेले में बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों एवं अतिथियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह, उमंग और उल्लास का माहौल देखने को मिला। बच्चों ने मेले के माध्यम से न केवल मनोरंजन किया, बल्कि आपसी सहयोग, आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता और व्यवहारिक ज्ञान का भी अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंध निदेशिका मोनिका दुबे एवं प्रधानाचार्या पूनम प्रसाद ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ इस प्रकार की गतिविधियों के आयोजन का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

बाल मेला के आयोजन में विशेष योगदान देने वालों में गौरव मिश्रा, विशाल गुप्ता, उमरा, रिजवाना, शालिनी सिंह, मंजीत, अर्सिल आदि शामिल रहे। संचालन आनन्द श्रीवास्तव एवं जीशान ने संयुक्त रूप से किया।

### बाइक-स्कूटी की आमने-सामने टक्कर में अधेड़ की मौत

**चितबड़ागांव।** बलिया-गाजीपुर मार्ग पर शुक्रवार दोपहर सुजायत सहाड़ी के पास बाइक और स्कूटी की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में स्कूटी सवार अधेड़ की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरही भेजवाया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही स्कूटी सवार ने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान मुन्ना चौहान (50) पुत्र स्व परमेश्वर चौहान निवासी कारो चौहान बस्ती के रूप में हुई। वहीं, बाइक सवार घायल मोहित राजभर (16) और गोलू राजभर (18) निवासी महरेव, चितबड़ागांव के रहने वाले हैं। दुर्घटना में शामिल बाइक का नंबर यूपी 60 एयू 4541 और स्कूटी का नंबर यूपी 60 एसी 2931 है। थानाध्यक्ष लालमणि सरोज ने बताया कि पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी नरही पहुंचाया गया है। मृतक के भाई के तहरीर पर आगे की विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

### चितबड़ागांव स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग

**चितबड़ागांव।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव और यात्री सुविधाओं में विस्तार की मांग को लेकर क्षेत्र के युवा समाजसेवी चंदन सिंह बागी ने गुरुवार की देर शाम वाराणसी मंडल के डीआरएम आशीष जैन से मुलाकात की। वाराणसी स्थित डीआरएम कार्यालय में हुई इस मुलाकात के दौरान उन्होंने चितबड़ागांव रेलवे स्टेशन की समस्याओं और यात्रियों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया। चंदन सिंह बागी ने लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस, कामायनी एक्सप्रेस और स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस का चितबड़ागांव स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित कराने की मांग प्रमुखता से उठाई। इसके साथ ही स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार और व्याप्त अव्यवस्थाओं को दूर करने की मांग की। बताते चलें कि चंदन सिंह बागी इस संबंध में अपना मांगपत्र डीआरएम वाराणसी और जिलाधिकारी बलिया को पहले ही सौंप चुके हैं। मांगें पूरी नहीं होने की स्थिति में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करने के लिए रेलवे और जिला प्रशासन से अनुमति लेने हेतु प्रार्थना पत्र भी दे चुके हैं। चंदन सिंह बागी के अनुसार, डीआरएम आशीष जैन ने बताया कि इस संबंध में रेलवे बोर्ड स्तर पर कार्रवाई चल रही है। बोर्ड से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद स्टेशन का सर्वे कराकर आवश्यक प्रस्ताव और स्वीकृति की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों से मिलकर इस मांग को मजबूती से उठाया जाए। चंदन सिंह बागी ने बताया कि डीआरएम ने मांगपत्र के संबंध में छठ महापर्व के बाद सार्थक प्रयास किए जाने का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा में समस्याओं का समाधान नहीं होने पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। मुलाकात के दौरान कृष्ण मोहन तिवारी और अतिश सिंह भी मौजूद रहे।

### शादी का झांसा देने का आरोपी गिरफ्तार



**बलिया।** शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के मामले में वांछित आरोपी को सिकंदरपुर पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मिथिलेश कुमार राजभर (25) पुत्र सुकर राजभर, निवासी कौआ कड़सर, थाना पकड़ी, जनपद बलिया के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 26 अक्टूबर 2026 को पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना सिकंदरपुर में मुकदमा अपराध संख्या 268/2026, धारा 69 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना के दौरान शनिवार 14 नवंबर को उपनिरीक्षक श्याम नारायण पाल ने पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर नगरा मोड़ के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया।

### 50 हजार का इनामी गैंगस्टर सूरत से गिरफ्तार

**नगरा,बलिया।** उत्तर प्रदेश एसटीएफ लखनऊ की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित 50 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त को गुजरात के सूरत से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मुन्ना गोड़ उर्फ चन्द्रमल पुत्र सत्येन्द्र प्रसाद, निवासी रुद्रवार, थाना सिकंदरपुर, जनपद बलिया के रूप में हुई है। एसटीएफ के उपनिरीक्षक चन्द्र प्रकाश मिश्र के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर की सूचना पर 12 नवंबर 2026 को दोपहर करीब 12:15 बजे सूरत शहर के पंडेसरा थाना क्षेत्र स्थित लक्ष्मीनगर, आशापुरी सोसाइटी-02, गोवलनगर रोड से अभियुक्त को हिरासत में लिया। इसके बाद उसका चिकित्सकीय परीक्षण न्यू सिविल हॉस्पिटल एवं गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, सूरत में कराया गया। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त थाना नगरा में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 193/2026, धारा 2/3(1) उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित था। सूरत की संबंधित अदालत में पेश करने के बाद उसे 16 नवंबर 2026 को दोपहर दो बजे तक का ट्रांजिट रिमांड प्राप्त हुआ। इसके बाद एसटीएफ टीम उसे नियमानुसार बलिया लेकर पहुंची। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नगरा और कोतवाली थानों में चोरी एवं चोरी के सामान से संबंधित बीएनएस की विभिन्न धाराओं में भी मुकदमे दर्ज हैं। इनमें नगरा थाने के दो और कोतवाली थाने के दो मामले शामिल हैं। इस कार्रवाई को एसटीएफ लखनऊ के उपनिरीक्षक चन्द्र प्रकाश मिश्र ने अपनी टीम के साथ अंजाम दिया। अभियुक्त को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

## पृष्ठ 1 का शेष

वीरता पुरस्कार डबल...
ऐलान किया। उन्होंने बताया कि महावीर चक्र विजेता को अभी तक यूपी सरकार 31 लाख रुपए एकमुश्त और 2.37 लाख रुपए वार्षिक दी जाती है। इसे भी दोगुना किया जा रहा है। वीर चक्र में 20.80 लाख रुपए की एकमुश्त राशि और 1.37 लाख रुपए वार्षिकी, अशोक चक्र में 32.50 लाख रुपए और वार्षिकी 1.50 लाख रुपए, कीर्ति चक्र में 19.50 लाख रुपए एकमुश्त और 1.30 लाख रुपए वार्षिकी, शौर्य चक्र में 13 लाख रुपए एकमुश्त और वार्षिकी 65 हजार रुपए, सेना मेडल या वायु सेना मेडल में 1 लाख रुपए एकमुश्त और वार्षिकी 15 हजार रुपए, पेंशन इन डिस्पैच में 52 हजार रुपए एकमुश्त और वार्षिकी 13 हजार रुपए, सर्वोत्तम युद्ध सेवा मेडल में 3.12 हजार रुपए एकमुश्त और वार्षिकी 12 हजार रुपए, उत्तम युद्ध सेवा मेडल में 2.60 लाख रुपए एकमुश्त और वार्षिकी 11 हजार रुपए, युद्ध सेवा मेडल में 83200 रुपए एकमुश्त और वार्षिकी 10 हजार अभी तक दी जाती है। इन सभी को डबल कर दिया गया है।

सीएम योगी ने कहा कि पूर्व सैनिकों और शहीद सैनिकों के आश्रितों को अब तक संपत्ति के लिए 20 लाख रुपए तक के मूल्यांकन पर स्टांप ड्यूटी में छूट मिलती रही थी। अब छूट की इस सीमा को बढ़ाकर 50 लाख रुपए तक के मूल्यांकन पर कर दिया गया है।

सीएम योगी ने कहा कि जो जवान देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देता है उसके परिवार की चिंता करना किसी भी सरकार का पहला दायित्व होना चाहिए। इस दिशा हम नित्य नए प्रयास करते हैं।

**परिसीमन बिल पर केंद्र की...**
थी, जो अब बढ़कर लगभग 20-22 लाख हो गई है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े क्षेत्र के हर गांव और इलाके तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। सांसद निधि के सिर्फ 5 करोड़ रुपए से हर क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करना भी संभव नहीं है। सुले के मुताबिक, प्रभावी प्रशासन और विकास के लिए निर्वाचन क्षेत्रों का बंटवारा जरूरी है।

**दिलजीत के कॉन्सर्ट पर...**
बल और क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम) तैनात करने, तथा एंटी-सबोटेज, बम डिटेक्शन और के9 यूनिट्स (डॉग स्क्वॉड) द्वारा लगातार निगरानी रखने का आग्रह किया है। 27 नवंबर के शो में हजारों प्रशंसकों के आने की उम्मीद है, इसलिए उन्होंने महाराष्ट्र सरकार से अतिरिक्त सावधानी बरतने का आग्रह किया है, ताकि कॉन्सर्ट में आने वालों की सुरक्षा से कोई समझौता न हो। प्रशासन और मुंबई पुलिस की ओर से पहले से ही की जा रही सुरक्षा व्यवस्था को स्वीकार करते हुए, सिंह ने कार्यक्रम स्थल पर हजारों लोगों की मौजूदगी को देखते हुए और अधिक सुरक्षा उपाय करने की मांग की है।

**केंद्र के सियासी भ्रष्टाचार...**
अर्पित की। मौजूदा प्रधानमंत्री के 29 कैबिनेट मंत्रियों में से एक भी वहां मौजूद नहीं था। क्या यही शालीनता है? क्या यही सामान्य शिष्टाचार है?' डेरेक ओ'ब्रायन ने अपनी पोस्ट में कांग्रेस नेता जयराम रमेश की एक पोस्ट भी साझा की, जिसमें नेहरू डिजिटल आर्काइव की पहली वर्षगांठ का जिक्र किया गया था। जयराम रमेश ने कहा कि यह ऑनलाइन संग्रह नेहरू को बदनाम करने की कोशिशों का मुकाबला करने में मदद करेगा। उन्होंने ऐसे प्रयास करने वालों के लिए 'डिस्टोरियंस' (इतिहास को विकृत करने वाले) शब्द का इस्तेमाल किया। साथ ही उन्होंने इस डिजिटल आर्काइव को नेहरू की विरासत को संरक्षित और सुरक्षित रखने वाला 'कवच' बताया।

**सीबीआई के पूर्व निदेशक ने...**
में पेज 401 से 403 के बीच गोधरा कांड और दंगों के बारे में लिखा है। उन्होंने लिखा- दंगे तब भड़के, जब साबरमती एक्सप्रेस के चार डिब्बों में आग लगा दी गई। इसके चलते 59 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। ट्रेन अयोध्या से अहमदाबाद जा रही थी, जिसमें कारसेवक बैठे थे। आग लगने का कारण अभी भी विवादित विषय है। इसके चलते राज्य के हिस्सों में उथल-पुथल मच गई।

**2014 में हमने बिल्कुल अलग चुनाव...**
भारी मात्रा में पैसा झोंक दिया गया। चुनावी व्यवस्था में अक्सर कड़े मुकाबले और गठबंधन देखने को मिलते थे, वह अचानक पूरी तरह बदल गई। अगर मैं कहूं कि विपक्ष सदमे में था, तो यह गलत नहीं होगा। भारतीय राजनीति में एक दशक तक यह संकट बना रहा। और फिर अचानक, हमें पता चला कि असल में क्या हो रहा था। हमने इसे समझा और बिना किसी संदेह के यह साबित कर दिया कि 2014 में भारत में लोकतंत्र को नष्ट कर दिया गया था।'

कांग्रेस नेता ने कहा, 'मैं आपको अभी पूरे भरोसे के साथ बता सकता हूं कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हराने जा रहे हैं और उन्हें सत्ता से हटाने जा रहे हैं। आप इसे देख भी सकते हैं। आप इसे हमारी सड़कों पर देख सकते हैं, दिल्ली में देख सकते हैं। पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के चेहरे पर दिख रहे डर में भी देख सकते हैं। यह अब तय हो चुका है।'

राहुल गांधी ने कहा, 'हमने पाया कि हमारे काम करने के तरीके अब असरदार नहीं रहे। मीडिया, प्रेस कॉन्फ्रेंस, इंटरव्यू और जनसभाएं जैसे जिन माध्यमों के जरिए हम पहले अपनी बात लोगों तक पहुंचाते थे, वे काम नहीं कर रहे थे। हमें किसी का समर्थन नहीं मिल रहा था। संस्थाएं हमसे छीन ली गई थीं। लेकिन हमने यह समझा कि फासीवादी ताकतों के नियंत्रण में चाहे कितनी भी संस्थाएं हों और उनके पास कितना भी पैसा हो, भारत के लोगों के साथ सीधा जुड़ाव इन सबसे ज्यादा ताकतवर है।'

# कीचड़ और घुटने भर पानी से होकर घाट तक पहुंचेंगी छठव्रती महिलाएं



✡ छठ महापर्व पर भी नहीं जागे जिम्मेदार

भारत एकता टाइम्स

**बिरनो (गाजीपुर)।** एक तरफ शासन-प्रशासन छठ महापर्व को भव्य बनाने के लिए तैयारियों के बड़े-बड़े दावे कर रहा है। ग्रामसभा खड़गपुर के बैठौरा मौजा में जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। यह जयरामपुर-बैठौरा को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग बदहाली का शिकार है। सड़क पर कीचड़ और घुटने कीचड़ पानी जमा है। ऐसे में छठ महापर्व पर व्रत रखने वाली महिलाओं को इसी दुश्वार रास्ते से होकर गुजरने की मजबूरी है।छठ महापर्व स्वच्छता, पवित्रता और आस्था का प्रतीक है। इस महापर्व में व्रती महिलाएं पूरी श्रद्धा और नियम-निष्ठा के साथ सूर्यदेव को अर्घ्य देने घाटों तक पहुंचती हैं। लेकिन बैठौरा मौजा के ग्रामीणों के सामने सवाल है कि जब घर से निकलने वाला रास्ता ही कीचड़ और पानी से भरा हो तो वे किस तरह इस महापर्व का अनुष्ठान संपन्न करेंगे?ग्रामीणों के मुताबिक सड़क की हालत लंबे समय से खराब है। लोगों को रोजमर्रा के कामों के लिए इसी कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है। सबसे खराब स्थिति राम आशीष पाल के दरवाजे से लेकर नंदलाल पाल के दरवाजे तक बनी हुई है। मौके पर मौजूद हरविलास चौबे, रामविलास पाल, रिंकू राजभर, रामाश्रय पाल, अजय पाल, वीरू पाल और नाखडू पाल सहित ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। महिलाओं का कहना है कि हम सभी छठ करने वाली हैं। यह पर्व साफ-सफाई और पवित्रता का प्रतीक है, लेकिन हमें इसी गंदगी और कीचड़ भरे रास्ते से होकर गुजरना पड़ रहा है।

## सेवराई में छठ पर्व को लेकर बाजारों में उमड़ी भीड़



**सेवराई (गाजीपुर)।** तहसील क्षेत्र के भदौरा बस स्टैंड पर छठ महापर्व को लेकर शनिवार को बाजारों में जमकर भीड़ उमड़ी। खरीदारी के लिए पहुंचे लोगों और वाहनों की आवाजाही बढ़ने से नेशनल हाईवे 124-सी पर दोपहर में करीब दो घंटे से अधिक समय तक जाम लगा रहा।स्थानीय लोगों के अनुसार, हाईवे किनारे ठेला-खोमचा दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण और बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण जाम की स्थिति बनी। वहीं ई-रिक्शा, टेंपो और चार पहिया वाहन चालकों द्वारा इधर-उधर वाहन खड़ा करने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। इस दौरान लोगों को दूसरे संपर्क मार्गों से होकर निकलना पड़ा।ग्रामीणों का आरोप है कि जाम के दौरान सेवराई चौकी पुलिस मौके पर मौजूद नहीं थी, जिससे यातायात व्यवस्था को सुचारू करने में देरी हुई। क्षेत्रीय लोगों ने गहमर कोतवाली पुलिस और उच्चाधिकारियों से भदौरा बस स्टैंड पर पुलिसकर्मियों की तैनाती कर यातायात व्यवस्था सुचारू करने की मांग की है, ताकि छठ पर्व पर बाजार आए श्रद्धालुओं और आम लोगों को खरीदारी में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## निर्धारित समयसीमा के भीतर शुद्धता के साथ करें जनगणना का कार्यः डीएम

जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न



भारत एकता टाइम्स/ मऊ

जनगणना-2027 के द्वितीय चरण को समयबद्ध, त्रुटिरहित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने कैंप कार्यालय स्थित सभागार में जनगणना कार्य से जुडे. अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे पूरी गंभीरता, सक्रियता एवं निर्धारित समयसीमा के भीतर शुद्धता के साथ संपन्न कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक संचालित होने वाले स्वगणना कार्य के लिए सभी संबंधित अधिकारी तिथिवार विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर लें। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार कर स्वगणना की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाई जाए। इसके लिए तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने के साथ-साथ आवश्यकतानुसार कैंप भी आयोजित किए जाएं, जिससे अधिक से अधिक नागरिक स्वयं अपनी जनगणना कर सकें। उन्होंने बताया कि 01 दिसंबर 2026 से 04 जनवरी 2027 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर मुख्य जनगणना का कार्य किया जाएगा। इसके लिए भी सभी संबंधित अधिकारी अभी से आवश्यक तैयारियां एवं कार्ययोजना सुनिश्चित कर लें। समस्त उप जिलाधिकारियों को स्वगणना कार्य की प्रतिदिन नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि पहले दिन से ही सभी अधिकारी पूरी सक्रियता के साथ कार्य करें। प्रत्येक प्रगणक से प्रतिदिन कम से कम 4 से 5 परिवारों की स्वगणना कराने का प्रयास किया जाए, जिससे निर्धारित लक्ष्य की अधिकतम प्राप्ति हो सके।

# छठ की तैयारियों को लेकर डीएम व एसपी ने घाटों का लिया जायजा



भारत एकता टाइम्स/ गाजीपुर

डाला छठ को सकुशल, शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए 14 नवंबर को जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह विभिन्न छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण किये। निरीक्षण के क्रम में अधिकारीगण सिकंदरपुर घाट का जायजा लिये । इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक घाट तक आने वाले मार्गों पर स्पष्ट रूप से ह्यजाने का रास्ताह्न अंकित करते हुए संकेतक बोर्ड लगाए जाएं। जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही घाटों पर सीसीटीवी कैमरे, चेंजिंग रूम, बैरिकेडिंग एवं विद्युत पोलों को सुरक्षित रूप से कवर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक घाट पर प्रशिक्षित गोताखोरों की तैनाती तथा लाइफ जैकेट सहित पर्याप्त संख्या में नावों की व्यवस्था करने को कहा । इसके बाद जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और एसपी विनय कुमार सिंह ने पीरनगर घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने घाटों पर साफ-सफाई, बैरिकेडिंग एवं श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## पटकनिया घाट और चक्काबाध पम्प साइड घाट प्रतिबंधित



**जमानियां (गाजीपुर)।** महापर्व छठ पूजा के दौरान शांति व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तहसील प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुहवल थाना के पटकनिया घाट और चक्काबाध पम्प साइड घाट पर इस वर्ष छठ पूजा के आयोजन को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है।एसडीएम निधि ने बताया कि इन दोनों घाटों पर सुरक्षा संबंधी कारणों से श्रद्धालुओं का एकत्र होना और पूजन करना वर्जित रहेगा। अपील की है कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें और किसी भी असुविधा या अप्रिय घटना से बचने के लिए केवल सुरक्षित एवं चिन्हित घाटों पर ही छठ महापर्व का अर्घ्य दें।

## डीएम व पुलिस अधीक्षक ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

✡ श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत दिए आवश्यक निर्देश



भारत एकता टाइम्स/ मऊ

जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन और पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा ने षनिवार को दोहरीघाट स्थित विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर छठ पूजा के दृष्टिगत श्रद्धालुओं के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाटों पर साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा तथा भीड़भाड़ को सुव्यवस्थित ढंग से नियंत्रित करने के लिए की गई तैयारियों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी छठ घाटों पर साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक इंतजाम समय से पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने तथा घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारु व्यवस्थाएं प्रशासन की प्राथमिकता हैं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी घोसी सहित विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## छठ पर्व पर यात्रियों को राहत दे रहा रेलवे का हेल्प डेस्क

**मऊ।** छठ महापर्व के मद्देनजर मऊ रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी पुनीत राव के नेतृत्व में रेलवे की चिकित्सा टीम प्राथमिक उपचार और हेल्प डेस्क के माध्यम से यात्रियों की मदद कर रही है। इस दौरान मुख्य टिकट निरीक्षक राम प्रभाव यादव ने बताया कि पर्व पर घर जाने वाले यात्रियों की भीड़ को देखते हुए टीम उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही उनकी यात्रा को सहज और सुविधाजनक बनाने में जुटी है। स्टेशन पर बनाए गए हेल्प डेस्क के माध्यम से यात्रियों को जरूरत के अनुसार मार्गदर्शन और सहयोग दिया जा रहा है। वहीं, किसी यात्री की तबीयत खराब होने या अचानक स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर प्राथमिक उपचार की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। इस कार्य में स्काउट एवं गाइड के सदस्य भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे यात्रियों को प्लेटफार्म पर आवागमन, ट्रेन की जानकारी और अन्य आवश्यक सुविधाओं के लिए सहयोग कर रहे हैं। रेलवे की इस पहल से छठ पर्व पर यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी सहूलियत मिल रही है। इस मौके पर सुरजीत सिंह राठौड़, उपमुख्य टिकट निरीक्षक राकेश कुमार सहित स्काउट एवं गाइड के सदस्य मौजूद रहे।

## पीजी कॉलेज की चार छात्राओं का महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन

भारत एकता टाइम्स/ गाजीपुर



ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी के अंतर्गत त्रिपुरा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ईस्ट जोन अंतर-विश्वविद्यालय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में पीजी कॉलेज, की चार छात्राओं मन्नू यादव, शिवानी, पिंकी एवं सोनाली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। चारों छात्राओं ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर की टीम का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में टीम मैनेजर एवं पीजी कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अमृता सिंह ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास, अनुशासन, संघर्ष एवं टीम भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है और अन्य छात्राओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

# लेखपाल संघ का स्थापना दिवस मनाया गया

✡ गरीबों में वितरित किए गए वस्त्र एवं फल



भारत एकता टाइम्स

**मोहम्मदाबाद (गाजीपुर)।** तहसील परिसर में शनिवार को लेखपाल संघ का 65वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर केक काटकर संगठन की स्थापना दिवस की खुशियां साझा की गईं। इस मौके पर गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को शॉल, साड़ी, फल एवं मिठाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी रणविजय सिंह, तहसीलदार महेंद्र बहादुर सिंह एवं नायब तहसीलदार नीतीश शाही उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की स्थापना 14 नवंबर 1962 को स्वर्गीय पंडित मुरारी लाल शर्मा के नेतृत्व में हुई थी। छह दशक से अधिक की इस यात्रा में संगठन ने लेखपालों के सम्मान, अधिकारों एवं सेवा संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संघर्ष किया है। लेखपाल राजस्व प्रशासन की महत्वपूर्ण कड़ी होने के साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष संतोष राय, उपाध्यक्ष रविकांत सिंह, मंत्री अफसर अली, शैलेंद्र यादव, विजय श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार सहित तहसील के सैकड़ों लेखपाल साथी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक के धक्के से खेत से घर लौट रही महिला की मौत

**बिरनो (गाजीपुर)।** थाना क्षेत्र के चक कपिल गांव के पास तेज रफ्तार बाइक के धक्के से खेत से लौट रही महिला की मौत हो गई। बताया जाता है कि चक कपिल गांव के रहने वाले श्रीकिशुन राम की पत्नी आशा देवी (50) सुबह खेत से काम करके वापस घर जा रही थी। सड़क पर पहुंचते ही तेज रफ्तार आ रही बाइक से धक्का लग गया । जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गई। घटना के बाद वहां लोगों की भीड़ लग गई। जानकारी होने पर परिवार के लोग भी वहां पहुंच गये। घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गये। हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने वाराणसी रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पति श्रीकिशुन राम साइकिल की दुकान चलाकर किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करता हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। उनके पास रहने के लिए झोपड़ी और करकट का मकान है। परिजन हादसे की सूचना पुलिस को दे दी है।

### आलिमे दीन की उपाधि से नवाजे गए मौलाना अरफात हुसैन



**भदोही।** वरिष्ठ पत्रकार आफताब अंसारी के पुत्र मौलाना अरफात हुसैन अशरफी मिस्बाही को आलिमे दीन की उपाधि से नवाजा गया। आजमगढ़ के मुबारकपुर स्थित अल-जामियतुल अशरफिया में हुजूर हाफिज-ए-मिल्लत के उर्स के अवसर पर आयोजित जश्न-ए-दस्तार फरागत में उनकी दस्तारबंदी की गई। इस मौके पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए उलमा, मशाइख, शिक्षक, छात्र और अकीदतमंद मौजूद रहे। वर्षों की मेहनत और धार्मिक शिक्षा पूरी करने के बाद मौलाना अरफात हुसैन के सिर पर दस्तार-ए-फजीलत सजाई गई तो परिजनों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समारोह में उलमा-ए-किराम ने दीन की तालीम, समाज की सेवा, अच्छे आचरण और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आलिम की जिम्मेदारी केवल शिक्षा प्राप्त करने तक सीमित नहीं, बल्कि समाज में ज्ञान, अमन और मोहब्बत का पैगाम फैलाना भी है। मौलाना के पिता आफताब अंसारी ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए शिक्षकों, उलमा और मेहमानों का आभार जताया। वहीं उनके चाचा इमामे ईदगाह हाफिज व कारी अशफाक रब्बानी ने मुबारकबाद देते हुए इसे परिवार और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया। मौलाना की इस उपलब्धि पर लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य और दीन की बेहतर खिदमत के लिए दुआएं कीं।

### पूर्व आईएएस दिव्या मित्तल का गोपीगंज में प्रथम आगमन



**भदोही।** जननीति भारत पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व आईएएस अधिकारी दिव्या मित्तल के शनिवार को गोपीगंज में प्रथम आगमन पर चौराहे पर भव्य स्वागत किया गया। व्यापारियों, वैश्य समाज के लोगों और स्थानीय नागरिकों ने पुष्पमालाओं से उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम का आयोजन पार्टी के फाउंडर मेंबर एवं उच्च न्यायालय प्रयागराज के अधिवक्ता रवि जायसवाल तथा ऋतिक जायसवाल के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर रवि जायसवाल ने कहा कि राजनीति का उद्देश्य जनसेवा और जनभागीदारी होना चाहिए। गोपीगंज एवं भदोही के विकास, व्यापारियों के हित और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का प्रथम आगमन क्षेत्रवासियों के लिए उत्साह का अवसर है। स्वागत समारोह में व्यापार मंडल अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल, सुप्रीत जायसवाल, राजीव दुबे, अमित जायसवाल, रितेश जायसवाल, पप्पू जायसवाल, जगदीश उमर, सूरज कौशल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी, गणमान्य नागरिक और महिलाएं मौजूद रहीं।

### कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा, नेहरू के योगदान पर चर्चा



**भदोही।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर शुक्रवार को मसाला रोड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी के कैंप कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर संजीव दुबे, सुरेश गौतम, मसूद आलम, अवधेश पाठक, शबाना खातून, सुबुकतगीन अंसारी, नाजिम अली, सरफराज अहमद, शमशीर अहमद, महेंद्र यादव, कमलेश शुक्ला, मनीष दुबे, राकेश पाल, शक्ति मिश्रा, रामू गौतम, अजय प्रजापति और मोहम्मद शफीक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### छठ घाटों का मंडलायुक्त व डीआईजी ने किया संयुक्त निरीक्षण

**भदोही।** छठ पूजा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को मंडलायुक्त विंध्याचल मंडल राजेश प्रकाश और डीआईजी मीरजापुर परिक्षेत्र पूनम ने जनपद के विभिन्न छठ घाटों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था, गहरे पानी से बचाव के लिए बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई और यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराने, संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने और घाटों पर पर्याप्त नागरिक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि छठ पूजा के दौरान व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# नेहरू की जयंती पर कांग्रेसजनों ने मनाया बाल दिवस

## आधुनिक भारत के निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को किया याद

भारत एकता टाइम्स/ गाजीपुर



प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर शनिवार को जिला कांग्रेस के कैंप कार्यालय में बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जिला अध्यक्ष सुनील राम ने कहा कि पंडित नेहरू का जीवन त्याग, संघर्ष, ज्ञान और राष्ट्रसेवा का प्रतीक है। उन्होंने देश को वैज्ञानिक सोच, धर्मनिरपेक्षता, लोकतांत्रिक व्यवस्था और आधुनिक विकास की दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य किया। उनके विचार आज भी देश की प्रगति के लिए मार्गदर्शक हैं।शहर अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा एवं एआईसीसी सदस्य रविकांत राय ने कहा कि नेहरू का व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे एक कुशल प्रशासक होने के साथ-साथ गंभीर विचारक, इतिहासकार और संवेदनशील लेखक भी थे। पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. मारकंडेय सिंह एवं कांग्रेस नेता अजय सिंह ने कहा कि पंडित नेहरू का बच्चों के प्रति प्रेम केवल भावनात्मक नहीं था, बल्कि वे बच्चों को शिक्षित, संस्कारित, आत्मनिर्भर और वैज्ञानिक सोच से परिपूर्ण देखना चाहते थे। बाल दिवस हमें प्रत्येक बच्चे को समान अवसर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर भविष्य देने की जिम्मेदारी का एहसास कराता है।कार्यक्रम में लाल साहब यादव, अजय कुमार श्रीवास्तव, ज्ञान प्रकाश सिंह, चंद्रिका सिंह, राजीव सिंह, हामिद अली, राजेश गुप्ता, आशुतोष गुप्ता ,अयूब, राशिद ताहिर अब्बासी, जेपी पांडेय, विनोद सिंह तथा मुसाफिर बिन्द आदि लोग उपस्थित रहे।

# शिकायता का गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक करें निस्तारणः डीएम



**मऊ।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा के साथ थाना दक्षिण टोला में जनसुनवाई की। इस दौरान जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद से संबंधित प्राप्त हुईं। इस पर जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर संबंधित मामलों में मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करने तथा शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं संतोषजनक ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों में दोनों विभाग आपसी समन्वय के साथ मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति का जायजा लें तथा शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें, जिससे फरियादियों को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। इस दौरान संबंधित थाना क्षेत्र के राजस्व विभाग के कर्मचारी, थानाध्यक्ष एवं थाने के अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# बाल दिवस पर खेल महाकुंभ का किया आयोजन

✡ लिटिल फ्लावर इंटरनेशनल स्कूल बना ओवरऑल चैंपियन

## मऊ-गाजीपुर-बलिया के बच्चों ने दिखाया दम

भारत एकता टाइम्स/ मऊ



देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं बच्चों के प्रिय चाचा नेहरू यानी पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में 14 नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर लिटिल फ्लावर ग्रुप ऑफ स्कूल्स की ओर से भव्य खेल प्रतियोगिता दिवस का आयोजन नगर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ किया गया। इस आयोजन में लिटिल फ्लावर ग्रुप ऑफ स्कूल्स की मऊ, गाजीपुर एवं बलिया स्थित सभी शाखाओं के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मऊ नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अरशद जमाल ने की। अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। आयोजन के अंतर्गत क्रिकेट, खो-खो, वॉलीबॉल एवं रस्साकशी सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी शाखाओं के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, कौशल, अनुशासन, शारीरिक दक्षता एवं उत्कृष्ट खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। विशेष रूप से रस्साकशी प्रतियोगिता ने दर्शकों और बच्चों में अलग ही रोमांच एवं उत्साह भर दिया। क्रिकेट प्रतियोगिता में बलिया की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो-खो प्रतियोगिता में लिटिल फ्लावर इंटरनेशनल स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में लिटिल फ्लावर चिल्ड्रेन स्कूल घोसी ने प्रथम स्थान हासिल किया। सभी प्रतियोगिताओं में प्राप्त अंकों के आधार पर लिटिल फ्लावर इंटरनेशनल स्कूल ने कुल 685 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया और ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया।

भारत एकता टाइम्स



# कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाय...

## छठ महापर्व: व्रती महिलाओं ने ग्रहण किया खरना का प्रसाद, पूजन कर वेदियों पर जलाए दीप, 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू



छठ के गीतों पर युवतियों में दिखा रील बनाने का क्रेज

मुख्य संवाददाता/वाराणसी

कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए... जैसे पारंपरिक गीतों के बीच छठ पूजा का उल्लास चरम पर है। शनिवार को छोटी छठ पूजा के रूप में खरना के साथ महिलाओं ने पुत्र व पति की दीर्घायु, परिवार की सुख-शांति के लिए 36 घंटे के निर्जल व्रत की शुरूआत की। इससे पूर्व महिलाओं ने गन्ने के रस से बनी चावल की खीर और चावल का पिट्ठा व भी चुपड़ी रोटी बनाई, जिसे प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। रविवार शाम महिलाएं घाट पर अस्ताचलगामी भगवान भाष्कर को अर्घ्य देंगी। वहीं, सोमवार सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। शनिवार को लोक आस्था का महापर्व संझावत के साथ आरंभ हो गया। महिलाओं ने नमक रहित एक अन्न का भोजन कर खरना व्रत को पूर्ण किया। नहाय-खाय के साथ शुक्रवार को व्रत का संकल्प लेने वाली महिलाओं ने सुबह स्नानादि के बाद भगवान सूर्य का स्मरण करते हुए निराजल व्रत का श्रीगणेश किया। व्रती महिलाओं ने सुबह स्नान कर पीला वस्त्र धारण किया इसके बाद परंपरा के अनुसार नाक से माथे तक सिंदूर लगाया। व्रती महिलाएं दोपहर से ही पूजन की तैयारियों में जुट गई। लोक आस्था के महापर्व के दूसरे दिन महिलाओं ने गंगा स्नान के बाद एक दूसरे को सिंदूर लगाया, अखंड सुहाग और संतति के स्वास्थ्य की कामना की। शनिवार को शहर से गांव तक खरना की तैयारियों का नजारा एक जैसा ही रहा। घाट, कुंड और सरोवरों से लौटने के बाद घरों में खरना के प्रसाद की तैयारियां शुरू हो गई। दिन भर के व्रत के बाद महिलाओं ने शाम के समय मिट्टी के चूल्हे पर लकड़ी से चावल और गुड़ की खीर बनाकर प्रसाद तैयार किया। व्रती महिलाओं ने सूर्य देव और छठ मां की पूजा करके गुड़ की खीर का भोग लगाया। व्रती महिलाओं ने प्रसाद ग्रहण किया और परिवार के सदस्यों में और परिचितों को प्रसाद का वितरण किया। प्रसाद ग्रहण करने के साथ ही 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाता है। मान्यता है कि आज ही के दिन शाम से व्रती महिलाओं के घर छठी मईया का आगमन हो जाता है। शाम को वेदियों पर महिलाओं ने दीप जलाकर खरना के व्रत को पूर्ण किया।







### बनने लगे ठेकुआ बंटेगा प्रसाद



दशाश्वमेध के देवनाथपुरा निवासी गिरजा सिंह के घर लोग देर शाम तक प्रसाद ग्रहण करने आते रहे। गिरजा ने बताया कि यह सौभाग्य की बात है और हमारी कोशिश होती कि सभी तक ठेकुआ का प्रसाद पहुंचे। इस दौरान गीता, काजल, सरोज सिंह ने भी विधिविधान से पूजा की रस्में पूरी कीं। वहीं, राजातालाब के रखौना गांव की रहने वाली ज्योति तिवारी ने छठ पूजा के लिए खरना का प्रसाद बनाया।

### घाटों पर हुई बैरिकेडिंग बनाए गए चेंजिंग रूम

गंगा घाटों पर नगर निगम ने शनिवार को बैरिकेडिंग कराई। पक्के घाटों से सिल्ट की सफाई हुई। अधिक भीड़ वाले घाटों को सूखा छोड़ा गया। ताकि लोगों के आवागमन और पूजा पाठ में समस्या ना हो। घाटों पर चेंजिंग रूम बनाए गए हैं। पूजा के दिन मोबाइल टायलेट और पेयजल के लिए टैंकर लगाए जाएंगे। दशाश्वमेध, अस्सी, केदारघाट, राजघाट, सिंधिया और कामेश्वर घाट पर अर्पण कलश लगाया गया है।

### 30 तरह के फल, 40 पूजन सामग्री से होगी पूजा

कार्तिक मास शुक्ल पक्ष चार दिवसीय सूर्य षष्ठी का महापर्व डाला छठ शुरू हो चुका है। खरना के साथ 36 घंटे के निर्जला व्रत शुरू हो गया। रविवार और सोमवार को महिलाएं 30 तरह के फल, पांच तरह की सब्जियां और पांच अन्न के साथ ही 40 पूजन सामग्रियों से पूजा करेंगी। इसमें विभिन्न तरह के फलों, जंगली पौधों के फलों, नए अन्न और सब्जियों से पूजा होती है। पूजन सामग्री के विक्रेता नंदलाल गुप्ता ने बताया कि अन्य व्रत में सबसे ज्यादा डाला छठ की पूजा में सामग्री लगती है।



### ये हैं पूजन के नैवेद्य

डाला छठ में साठी का चावल, सोपाड़ी, गुड़, नया चावल, महावर, तिल्ली का तेल, धूप, दीया, सिंदूर, सोपाड़ी, पान का पत्ता, लौंग, इलाइची, नारियल, गुड़, बत्ती, नया कपड़ा आदि शामिल हैं। इसके अलावा बांस की टोकरियां, सूप, दउरा, डलिया, पीतल का सूप, लोटा-थाली, कोसी, परई आदि का इस्तेमाल होता होता है।

### मन चंगा तो छत और आंगन में ही गंगा

मन चंगा तो कठौती में गंगा...। इसी तर्ज पर लोग अब मन चंगा तो छत और आंगन में गंगा को आधार मानकर घर पर छठ की पूजा कर रहे हैं। बदलते दौर में भीड़ से बचने के लिए अपने घरों में ही लोक आस्था के महापर्व के अनुष्ठान पूरा कर रहे हैं। घर के आंगन में टब में कुंड बनाकर तो सोसाइटी के स्वीमिंग पूल में अर्घ्य देते हैं। शहर में ऐसी कई सोसाइटियां और कॉलोनियां हैं, जहां व्रती महिलाएं घर पर ही पूरी आस्था के साथ छठ पूजा कर रही हैं। वरुणा गार्डेन में रहने वाली मीनू सिंह और उनके पति सुशील सिंह उम्र ज्यादा होने की वजह से घाट पर नहीं जा पाते। घर की छत पर टब में पानी भरकर उसमें गंगाजल अर्पित उसे ही गंगा मान सूर्य को अर्घ्य देते हैं। मीनू सिंह ने बताया कि छत पर पूजा करने के दो फायदे हैं। एक तो शांत मन से पूजा होती है और दूसरा सूर्य देव के दर्शन अच्छे से होते हैं। इससे पहले मुंबई रहती थी तब भी सोसाइटी की छत पर ही पूजा करती थी। बनारस आने के बाद भी छत पर ही पूजा कर रही हैं। उनके साथ अपार्टमेंट में रहने वाली मंजू, विजया श्रीवास्तव व आसपास के लोग भी पूजा करने आते हैं।

### बाजारों में रात तक रही खरीदारों की भीड़

सूर्य षष्ठी के लोकपर्व छठ पर रविवार को व्रती महिलाएं सात, नौ और 11 बंधन के बांस के सूप में पूजन सामग्री रखकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी। शनिवार की शाम घाट की वेदियों पर दीप जलाकर महिलाओं ने एक दूसरे की मांग में सिंदूर लगाया। खरना का प्रसाद ग्रहण करने के साथ ही 36 घंटे का निर्जला व्रत आरंभ हो गया। शहर से लेकर गांव तक छठ पूजा का उल्लास नजर आ रहा है। छठ घाटों की सजावट देखते ही बन रही थी। छठ पूजा के लिए गांव के चट्टी-चौराहों से बाजार तक खरीदारी के लिए भीड़ रही। महिलाओं ने महावर, पान, सोपाड़ी, नारियल, हल्दी, आदी समेत 50 से अधिक पूजन सामग्री खरीदीं। सुबह से रात तक खरीदारी के लिए बाजारों में भीड़ दिखी। छठ पूजा के लिए सूप जरूरी होता है। 60 सालों से छठ पूजा कर रहीं मंडुवाडीह की मानकी देवी ने बताया कि इस पूजा के लिए बांस की लकड़ी से बने सूप में सात, नौ और 11 गांठ होते हैं। इसमें रस्सी और सपोर्ट के लिए डंडे का भी प्रयोग नहीं करते हैं।

### छठ पर्व पर रेलवे स्टेशनों पर विशेष इंतजाम

छठ महापर्व पर संभावित भीड़ को देखते हुए बनारस रेलवे स्टेशन व वाराणसी जंक्शन पर व्यापक इंतजाम किए हैं। बनारस स्टेशन पर 2025 वर्गफीट का अस्थायी यात्री आश्रय स्थल बनाया गया है, जहां 250 यात्री बैठ सकेंगे। यहां प्रकाश, पंखे, पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा, मोबाइल यूटीएस टिकटिंग, उद्घोषणा प्रणाली और वीडियो पैनल की सुविधा है। सकुर्लेटिंग एरिया को वाहनमुक्त रखने, प्रवेश-निकास मार्गों के प्रबंधन, प्लेटफार्मों पर बैरिकेडिंग और 24 घंटे हेल्प बूथ की व्यवस्था की गई है। सीसीटीवी से निगरानी के साथ आरपीएफ, पुलिस और महिला टीम तैनात हैं। वहीं, वाराणसी जंक्शन पर शुक्रवार को आरपीएफ ने स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया, प्लेटफार्म और टिकट घर में श्वान दस्ता ले जाकर जांच की। यात्रियों को अपरिचित लोगों से खाने-पीने की वस्तुएं न लेने, समस्या पर हेल्पलाइन नंबर 139 पर सूचना देने और चेन पुलिंग न करने की सलाह दी गई।

### देर रात तक चलती रही छठ की तैयारी, गूंजते रहे छठ के गीत

घरों से घाट तक छठ के गीत गूंज रहे हैं। दिनभर व्रत रखने के बाद व्रतियों ने खरना का प्रसाद ग्रहण किया। सिगरा निवासी एन्नी ने बताया कि सुबह से ही परिवार में उत्साह का माहौल है। दिनभर सफाई व पूजन सामग्री तैयार की। भगवानपुर की आशा भी इस पूजा की तैयारी में लगी हैं। नहाय खाय के बाद शनिवार को खरना का व्रत रखा रविवार को निराजल व्रत रखेंगी। उन्होंने बताया कि 23 सालों से व्रत रखती हूं। पूजा में मेरे रिश्तेदार भी शामिल होते हैं।



### छठ पूजा पर गंगा घाटों पर नगर निगम ने बनाए सेल्फी प्वाइंट

छठ महापर्व पर गंगा घाटों पर पहुंचने वाले व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ स्वच्छता जागरूकता को लेकर नगर निगम ने विशेष पहल की है। घाटों पर साफ-सफाई, समतलीकरण और महिला चेंजिंग रूम की व्यवस्था के अलावा आकर्षक सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं। इनके माध्यम से श्रद्धालुओं को छठ पूजा की शुभकामनाएं देने के साथ ही 'स्वच्छ काशी, सुंदर काशी' का संदेश दिया जा रहा है। नगर निगम की ओर से बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर काशी के सांसद एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और महापौर अशोक तिवारी के चित्र लगाए गए हैं। इनके साथ ही आस्था के महापर्व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं अंकित की गई हैं। सेल्फी प्वाइंट पर 'स्वच्छ काशी, सुंदर काशी' और 'भाव काशी' का संदेश भी दिया गया है। घाटों पर आने वाले श्रद्धालु इन सेल्फी प्वाइंट के साथ तस्वीरें लेकर पर्व की यादों को संजो रहे हैं। नगर निगम ने सेल्फी प्वाइंट पर टोल फ्री और व्हाट्सएप नंबर भी अंकित कराए हैं। इनके माध्यम से नागरिक नगर निगम से संबंधित समस्याओं और शिकायतों को दर्ज करा सकेंगे। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को शिकायत दर्ज कराने के लिए सरल माध्यम उपलब्ध कराना है। घाटों पर बनाए गए महिला चेंजिंग रूम के बाहर जागरूकता संबंधी बैनर लगाए गए हैं। इनके जरिए श्रद्धालुओं से एकल उपयोग वाले प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की गई है। साथ ही धार्मिक आयोजनों के दौरान स्वच्छता बनाए रखने और शहर को सुंदर बनाने में सहयोग देने का संदेश दिया गया है।


### छठ पूजा को लेकर अलर्ट मोड में वाराणसी प्रशासन

छठ महापर्व, गंगा महोत्सव और देव दीपावली की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने सक्रियता बढ़ा दी है। शनिवार को एडीजी नवीन अरोरा, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और अपर पुलिस आयुक्त शिवहरि मीणा ने एनडीआरएफ और जल पुलिस की मोटर बोट से नमो घाट से अस्सी घाट तक विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छठ व्रतियों की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता के साथ आगामी आयोजनों की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि लोक आस्था के महापर्व छठ पर घाटों में साफ-सफाई के साथ सभी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं को पूजा एवं अर्घ्य देने में किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने अपर नगर आयुक्त को सभी घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, शुद्ध पेयजल और नियमित साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। अस्सी घाट के निरीक्षण के दौरान महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, लाइटिंग और सफाई की व्यवस्थाएं पर्याप्त मिलीं। डीएम ने नगर निगम को स्ट्रीट लाइटों की जांच कराने और खराब लाइटों को तत्काल ठीक कराने को कहा। आगामी गंगा महोत्सव, देव दीपावली और काशी तमिल संगमम के दृष्टिगत डीएम ने नमो घाट पर वीवीआईपी और आम लोगों की आवाजाही, बैरिकेडिंग, स्मार्ट लाइटिंग, फ्लोरल डेकोरेशन, मंच, सेफ हाउस, आरती स्थल, रूट चार्ट और यातायात व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने देव दीपावली पर नावों के लिए कई बोर्डिंग पॉइंट बनाने तथा घाट पर विशेष प्रकाश व्यवस्था करने को कहा।

**छठ पर्व पर कैंट स्टेशन की सुरक्षा चाक-चौबंद, चप्पे-चप्पे पर नजर**-छठ महापर्व पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ और सुरक्षा के मद्देनजर वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। जीआरपी और आरपीएफ की टीमें अलर्ट मोड में हैं। स्टेशन परिसर में चप्पे-चप्पे पर निगरानी के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। खासतौर पर बिहार, झारखंड और बंगाल की ओर जाने वाली ट्रेनों में सुरक्षा जांच तेज कर दी गई है। जीआरपी कैंट के प्रभारी निरीक्षक राजोल नागर के नेतृत्व में सुरक्षा कर्मियों ने स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्म, सकुर्लेटिंग एरिया और आने-जाने वाली ट्रेनों में जांच की। इसके अलावा अमानती घर, पार्सल कार्यालय, डाक सेवा केंद्र और पार्किंग स्टैंडों की भी बारीकी से तलाशी ली जा रही है। अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं पर विशेष नजर रखी जा रही है। सुरक्षा कर्मी लगातार स्टेशन परिसर में गश्त कर रहे हैं। छठ पर्व पर पूर्वांचल और बिहार की ओर जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए भीड़ प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यात्रियों को व्यवस्थित तरीके से प्लेटफॉर्म तक पहुंचाने और ट्रेनों में सुरक्षित बैठाने के लिए जीआरपी और आरपीएफ की टीमें मुस्तैद हैं। स्टेशन पर प्रवेश और निकास के दौरान भी निगरानी बढ़ाई गई है। प्रभारी निरीक्षक ने यात्रियों से अपील की कि यात्रा के दौरान किसी अनजान व्यक्ति से खाने-पीने की वस्तुएं स्वीकार न करें। अपने सामान की सुरक्षा स्वयं करें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की जानकारी तत्काल रेलवे सुरक्षा कर्मियों को दें। उन्होंने बताया कि छठ पर्व को देखते हुए सुरक्षा अभियान लगातार जारी रहेगा। यात्रियों की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और सुगम रेल यात्रा सुनिश्चित करना प्राथमिकता है।



### संकल्प अन्न क्षेत्र की सेवा परंपरा बनी जरूरतमंदों के लिए संबल



**वाराणसी।** संकल्प संस्था द्वारा संचालित संकल्प अन्न क्षेत्र द्वारा चौक स्थित कन्हैयालाल गुलालचंद सर्राफ प्रतिष्ठान के समक्ष खिचड़ी प्रसाद, फल एवं शीतल जल की सेवा की गई। यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं, राहगीरों और जरूरतमंदों ने प्रसाद ग्रहण किया। सेवा की शुरूआत भगवान श्री संकटमोचन हनुमान जी को खिचड़ी का भोग अर्पित करने के साथ हुई। इसके पश्चात संस्था के सदस्यों ने श्रद्धाभाव से उपस्थित श्रद्धालुओं, राहगीरों एवं जरूरतमंदों को खिचड़ी प्रसाद एवं फल वितरित किए। आयोजन में मृदुला रानी अग्रवाल, रुचिर जैन, श्रद्धा जैन एवं आविका जैन का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर संकल्प संस्था के संरक्षक अनिल कुमार जैन, गिरधर दास अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, राकेश अग्रवाल (गुड्डू), रमन लता अग्रवाल, शिवकुमार अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, लल्लन चुरमुरा, सुधीर पांडे, अमित श्रीवास्तव, प्रमोद, रितिक एवं भैयालाल सहित संस्था के सदस्य एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## शास्त्री घाट में तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी



छठ महापर्व के पावन अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी '10 वर्षों में विकास हुआ बेमिसाल' का शुभारंभ शनिवार को प्रदेश के मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने फीता काटकर किया। कचहरी स्थित वरुणा पुल के नीचे शास्त्री घाट पर आयोजित इस प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदेश सरकार की विगत 10 वर्षों की विकास यात्रा, उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में 60 से अधिक डिस्प्ले लगाए गए हैं, जिनमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए विकास कार्यों और संचालित जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई है। प्रदर्शनी का उद्देश्य सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाना तथा विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। छठ महापर्व के अवसर पर आयोजित इस प्रदर्शनी के जरिए पर्व में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को भी सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

### स्टाम्प मंत्री ने शास्त्री घाट पर छठ पूजा की तैयारियों का लिया जायजा

**वाराणसी।** छठ महापर्व को लेकर प्रशासनिक तैयारियों के बीच प्रदेश के स्टाम्प एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने शनिवार को कचहरी स्थित वरुणा पुल के नीचे शास्त्री घाट पर पहुंचकर छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने वरुणा नदी में सफाई कार्य में लगी मशीन पर बैठकर नदी का भ्रमण किया और सफाई व्यवस्था का स्थलीय अवलोकन किया। उन्होंने नदी में छठ पूजा के दौरान व्रती महिलाओं एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को विशेष महत्व देते हुए नदी के अंदर पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

## मेयर ने नमो घाट से सामने घाट व रामनगर पार तक परखीं व्यवस्थाएं

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी



आगामी लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा और देव दीपावली को लेकर वाराणसी में प्रशासनिक तैयारियां और तेज हो गई हैं। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा, सुरक्षा तथा स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए महापौर अशोक कुमार तिवारी ने नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल के साथ शनिवार को नमो घाट से लेकर सामने घाट तक और गंगा पार रामनगर के गंगा घाटों का नाव से भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने शास्त्री पुल स्थित शास्त्री घाट का भी दौरा कर व्यवस्थाओं को परखा। निरीक्षण के दौरान महापौर ने घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सीढ़ियों की स्थिति और सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्व के दौरान काशी आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों और स्थानीय श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। घाटों पर रोशनी के विशेष प्रबंध और बैरिकेडिंग समय रहते पूरी कर ली जाए, ताकि भीड़ नियंत्रण में कोई कठिनाई न आए। इस अवसर पर निगम के तमाम अधिकारीगण व क्षेत्रीय पार्षद भी उपस्थित रहे।

### पहड़िया मण्डी के आढ़ती ने शम्मो माता दरबार में कराया विशाल भंडारा

**वाराणसी।** पहड़िया मण्डी के वरिष्ठ आढ़ती अन्नपूर्णा इन्क्लेव कॉलोनी विद्यापीठ निवासी ने माँ शम्मो माता मंदिर लहरतारा दरबार में किया विशाल भंडारा जहाँ हजारों भक्तो ने ग्रहण किया महाप्रसाद। पहड़िया मण्डी के वरिष्ठ आढ़ती संगठन के उपाध्याय ओमप्रकाश सोनकर(प्रकाश) फर्म रामआश्रय ओमप्रकाश सोनकर ने 14 नवम्बर शनिवार को लहरतारा स्थित माँ शम्मो माता मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया। जहाँ हजारों भक्तो ने माँ के भंडारे की महाप्रसाद ग्रहण किया।ओमप्रकाश सोनकर ने अपने पोते निर्वेद सोनकर के द्वितीय जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में माँ शम्मो माता की श्रृंगार आरती के बाद महाभंडारा मंदिर प्रांगण पर किया था जहाँ प्रसाद के रूप में पूड़ी सब्जी व बुनिया भक्तो के बिच वितरण किया गया।

## अंतरराष्ट्रीय मंच पर काशी की कलात्मक विरासत को प्रस्तुत करेगा काशी हिंदू विवि

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी




काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के दृश्य कला संकाय का चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 11 से 19 नवंबर 2026 तक इटली के अंतरराष्ट्रीय कला एवं अध्ययन दौरे पर है। इस यात्रा का उद्देश्य भारत की समृद्ध कलात्मक परंपराओं, दृश्य संस्कृति, हस्तशिल्प और समकालीन कला एवं डिजाइन की विविध विधाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने के साथ यूरोप के प्रतिष्ठित कला संस्थानों के साथ शैक्षणिक एवं रचनात्मक संवाद को प्रोत्साहित करना है। इस दौरे में प्रतिनिधिमंडल रोम, फ्लोरेंस और वेनिस का भ्रमण कर रहा है। ये तीनों शहर यूरोपीय कला, स्थापत्य, सांस्कृतिक विरासत और समकालीन रचनात्मक गतिविधियों के महत्वपूर्ण केंद्र हैं। यात्रा के दौरान विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में व्याख्यान, कला प्रदर्शन, संवाद और संस्थागत मुलाकातों के माध्यम से भारतीय और यूरोपीय कला परंपराओं के बीच नए संबंध विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में प्रो. जसमिंदर कौर, अधिष्ठाता, दृश्य कला संकाय एवं अध्यक्ष, चित्रकला एवं वस्त्र डिजाइन अनुभाग; प्रो. मनीष अरोड़ा, अध्यक्ष, व्यवहारिक कला विभाग; डॉ. महेश सिंह, सह-आचार्य, चित्रकला विभाग (मुद्रण कला); तथा श्री ज्ञानेंद्र कुमार कनौजिया, सहायक आचार्य, व्यवहारिक कला विभाग शामिल हैं। इस यात्रा का प्रमुख आकर्षण 16 नवंबर को वेनिस स्थित का' फोस्कारी विश्वविद्यालय में आयोजित विशेष शैक्षणिक व्याख्यान एवं संवाद होगा। 'बनारस : एक जीवंत दृश्य परंपरा' विषय पर आयोजित इस सत्र में गंगा के घाटों, भारतीय लघुचित्र कला, बनारसी वस्त्र परंपरा, हस्तशिल्प, चित्रकला, मुद्रण कला और आधुनिक ग्राफिक डिजाइन के माध्यम से काशी की विशिष्ट सांस्कृतिक एवं कलात्मक पहचान को प्रस्तुत किया जाएगा। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के प्रो. एंटोनियो रिगोपोलोस के आतिथ्य में दोपहर 12:15 से 1:45 बजे तक आयोजित होगा।

### कार्यभार

- बोले- गर्व का विषय की बनारस में मिला चार्ज

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी

बाबा विश्वनाथ और काशी के कोतवाल काल भैरव का आशीर्वाद लेकर आईएएस शाश्वत त्रिपुरारी ने शनिवार को वाराणसी के नए नगर आयुक्त का कार्यभार संभाल लिया। चार्ज लेते ही उन्होंने अपना एजेंडा साफ कर दिया। बोले- बनारस को स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप पर पहुंचाना है। आम आदमी को सीवर, सफाई और दूसरी समस्याओं के लिए नगर निगम के चक्कर न लगाने पड़ें, यह सुनिश्चित करना प्राथमिकता होगी। आगामी देव दीपावली पर घाटों की व्यवस्थाओं और आम लोगों की सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। साल 2021 बैच के आईएएस ऑफिसर शाश्वत त्रिपुरारी का शासन ने शुक्रवार की रात गोरखपुर सीडीओ पद से वाराणसी के नगर आयुक्त के पद पर किया है। इसके बाद शनिवार को शाश्वत त्रिपुरारी दोपहर बाद वाराणसी पहुंचे और सबसे पहले काशी के कोतवाल के दरबार में मत्था टेका। इसके बाद बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उनकी पत्नी भी साथ रहीं। इसके बाद शाश्वत त्रिपुरारी नगर निगम के सिगरा स्थित प्रधान कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने नगर निगम कार्यभार संभाला और अधिकारियों और कर्मचारियों से मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने कहा - मेरे लिए बहुत गर्व का विषय है और एक सौभाग्य है कि बनारस नगर आयुक्त का मुझे सर्व करने का अवसर दिया गया है।और जहां तक प्राथमिकता की बात है तो एक तो साफ-सफाई शहर की अच्छी हो, हम लोग स्वच्छ रखें अपने शहर को। दूसरा जो कॉमन मैन (आम आदमी) की प्रॉब्लम्स हैं, नगर निगम से रिलेटेड; खासकर चाहे वह सीवर की प्रॉब्लम हो या जो कॉमन मैन के इश्यूज हैं। उनको मैं डील कर पाऊं और सॉल्व कर पाऊं। किसी भी कॉमन मैन को निगम कार्यालय का चक्कर न लगाने पड़ें, हमारी जो चीजें इजीली सॉल्व हो सकती हैं उसके लिए।



### कॉमन मैन से लेंगे फीडबैक

नगर आयुक्त ने देव दीपावली पर कहा - आगामी बड़ा त्योहार देव दीपावली है। उसमें मेरा यही फोकस रहेगा कि हम लोग बैठ करके कार्यालय पे और बाकी फील्ड में उतर कर भी कॉमन मैन से फीडबैक लें और अपने ऑफिस में हम अच्छी एक स्ट्रेटेजी बना सकें। जिससे कि आगे आने वाले त्योहार में किसी को कोई समस्या न हो। देव दीपावली में जो भी फैसिलिटीज हैं कॉमन मैन को हम दे सकें।

### घाटों पर लोगों को न हो दिक्कत

नगर आयुक्त ने आगे कहा - वाराणसी की स्वच्छता सर्वेक्षण में जो भी रैंकिंग है। मेरा पूरा प्रयास रहेगा कि बनारस सब चीजों में अच्छा करे। जो बेस्ट से बेस्ट है। हम उसको कर सकें और इसके लिए मैं अभी मीटिंग करके एक स्ट्रेटेजी बना के, प्लान बना के काम करेंगे। त्योहारों की तैयारियों पर उन्होंने कहा - छठ का जो त्योहार हो, उसमें घाटों की साफ-सफाई हो, जो बेसिक फैसिलिटीज हमें घाटों पे चाहिए, शहर की साफ-सफाई हो, उसके लिए ऑलरेडी हमारा जो मीटिंग है नगर निगम लेवल पे वो पूर्व अधिकारी द्वारा ले ली गई है। अभी हमारा काफी सारा स्टाफ फील्ड में भी है। जो निरंतर जो भी इश्यूज आ रहे हैं उसको संज्ञान में लेकर उसमें जो भी त्वरित कार्रवाई हो सकती है उसको कर रहे हैं।

### समीक्षा बैठक

- शहर उत्तरी में एक हजार करोड़ की 200 से अधिक परियोजनाओं की समीक्षा की

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी

## सड़कों की खोदाई कर भूले कार्यदायी संस्था, स्टाम्प मंत्री ने जताई नाराजगी

प्रदेश के स्टाम्प एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने शनिवार को सर्किट हाउस सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर शहर उत्तरी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान लगभग एक हजार करोड़ रुपये की लागत से कराए जा रहे सड़क, पेयजल, सीवर निकासी सहित 200 से अधिक निमार्णाधीन परियोजनाओं की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली। बैठक में क्षेत्रीय पार्षदों ने कई स्थानों पर एलएनटी एवं मेघा कार्यदायी संस्थाओं द्वारा पेयजल और सीवर लाइन बिछाने के लिए सड़कों की खोदाई करने के बाद कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने की शिकायत की। पार्षदों ने बताया कि कई स्थानों पर सड़कें खुदी होने के कारण स्थानीय नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे धूल, जलभराव और यातायात संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं। इस पर मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने नाराजगी जताते हुए संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के कार्यों पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने व्यक्तिगत रुचि लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे सभी अधूरे कार्यों को चिह्नित कर अभियान चलाकर युद्धस्तर पर पूरा कराया जाए। विशेष रूप से जहां पेयजल एवं सीवर का कार्य पूरा हो चुका है, वहां सड़कों की मरम्मत और पुनर्निर्माण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराया जाए।

